CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665





## भारत ने पहलगाम हमले का दिया करारा जवाब

# पीओके सहित पाक स्थित ठिकानों पर 24 मिसाइल दागीं, 150 से अधिक आतंकियों के मार गिराया


एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'।

ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रेल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा- भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। न्यूज एजेंसी के हवाले से बताया कि पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में LoC पर पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में 15 लोगों की मौत हो गई।







### एयर स्ट्राइक के 9: 30 घंटे बाद जानकारी दी

**सेना** ने एयर स्ट्राइक के 9: 30 घंटे बाद सुबह 10:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी और आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। सबसे पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई दिखाई गई।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 बजे और 1:30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। 25 मिनट में पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे। इन्हें हमने तबाह कर दिया। लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स टारगेट किए गए।


- पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।
- मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।
- कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे।
- भिम्बर का बरनाला कैंप। यहां हथियार चलाना सिखाया जाता है।
- कोटली का अब्बास कैंप। यह एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं।
- सियालकोट का सरजल कैंप। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या के आतंकवादियों को यहीं ट्रेन किया गया था।
- सियालकोट का हिजबुल महमूना जाया कैंप। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया।
- मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेन हुए थे।
- मस्जिद सुभान अल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग दी जाती थी। बड़े अफसर यहां आते थे।

### सतर्कता, सटीकता के साथ पूरा हुआ ऑपरेशन, पाकिस्तान हाथ मलता रह गया

स्पष्ट है कि भारतीय सेना को पता था कि उसे किस बारीकी से और पूरी सटीकता के साथ इस मिशन को सफल बनाना है। यही वजह है कि रात एक बजकर 5 मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान पूरी तरह से स्तब्ध है। पहलगाम में 26 बेगुनाहों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकियों को सबक सिखाने के लिए भारत ने जो प्रण लिया था और उसके लिए लगभग डेढ़ अरब भारतीयों में जो जज्बा था, उसको देखते हुए लगभग पूरी दुनिया मन से चाहे बेमन से पाकिस्तान के इस अंजाम के लिए तैयार बैठी थी। यही वजह है कि पिछले 10-12 दिनों से जो पाकिस्तानी नेता जुबानी एटम बम छोड़े जा रहे थे, उनके सामने अब हाथ मलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। जब पाकिस्तानियों को आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले की भनक लगी तो उनमें खलबली तो मची, लेकिन शायद जल्द ही समझ में आ गया कि मौजूदा मोड़ पर आतंकियों के लिए खड़े होने का मतलब है। पूरी दुनिया से बैर मोल लेना।

## राजस्थान में ब्लैकआउट, घरों-दुकानों की लाइट बंद रही

### मॉक ड्रिल में हमले से बचने के तरीके सिखाए, युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी



**जयपुर।** राजस्थान में बुधवार रात को ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। इस दौरान शहरों में 15 मिनट के लिए ब्लैकआउट किया गया। सबसे पहले शाम 7.30 बजे से 7.45 बजे तक अजमेर, बारां, डीडवाना और ब्यावर में ब्लैकआउट रहा। इस दौरान लोगों ने घरों-दुकानों और दफ्तरों की लाइट बंद रखी।

सड़कों पर चल रही गाड़ियों की रफ्तार भी थोड़ी देर रुक गई। लोगों ने हेडलाइट बंद कर गाड़ियां सड़क पर रोक दी। ब्लैक आउट के दौरान कहीं पूरी तरह अंधेरा रहा तो कहीं लोगों ने लाइट बंद नहीं की। उत्तर-पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर भी ब्लैकआउट के दौरान अंधेरा रहा। इस दौरान जिन ट्रेनों का स्टेशन पर ठहराव था, वे आगे के लिए रवाना नहीं हुई और 15 मिनट तक स्टेशन पर ही खड़ी रही। ब्लैकआउट के दौरान जयपुर एयरपोर्ट पर 15 मिनट तक फ्लाइट संचालन बाधित रहा। इस दौरान 3 फ्लाइट्स को रोका गया। ब्लैकआउट के दौरान किसी भी फ्लाइट की लैंडिंग प्रभावित नहीं हुई।

## सीबीआई डायरेक्टर सूद के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सूद ने 25 मई 2023 को पद संभाला था। अधिकारियों ने बताया कि उनके कार्यकाल को बढ़ाने का फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें भारत के CJI संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे। चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 24 मई से और एक साल की अवधि के लिए सूद के कार्यकाल को बढ़ाने की मंजूरी दी। सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के IPS अधिकारी हैं। वह कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (DGP) के रूप में काम कर रहे थे जब उन्हें केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) का निदेशक नामित किया गया था।



## रीट- 2024 का रिजल्ट आज होगा जारी



### 13.77 लाख अभ्यर्थियों का इंतजार होगा खत्म, फरवरी में हुआ था एग्जाम

एजेंसी

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड गुरुवार को राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET) 2024 का रिजल्ट घोषित करेगा। बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा दोपहर 3:15 बजे रिजल्ट जारी करेंगे। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा के अनुसार- 27 और 28 फरवरी को तीन पारियों में एग्जाम हुआ था। इसमें कुल 13 लाख 77 हजार 256 कैंडिडेट्स शामिल हुए थे। एग्जाम में लेवल-वन के 4 लाख 6 हजार 953 और लेवल-2 के 9 लाख 70 हजार 303 कैंडिडेट्स बैठे थे। परीक्षा के लिए कुल 15 लाख 44 हजार 518 आवेदन आए थे। राज्य के 41 जिलों में कुल 1731 परीक्षा केंद्र पर REET हुई थी। बोर्ड ने एक महीने पहले REET-2024 की आंसर-की जारी की थी। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि 19 मार्च की रात को ही पेपर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे। अभ्यर्थियों को 31 मार्च तक आंसर-की पर आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया गया था।

## भारत में सैटेलाइट इंटरनेट लाने की तैयारी में 'स्टारलिंक' को मिली मंजूरी

एजेंसी


**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्टारलिंक को 'लेटर ऑफ इंटेंट' (एलओआई) जारी कर दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी अब भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए अगला कदम उठा सकती है। स्टारलिंक से पहले भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस को लाइसेंस मिल चुका है। अब स्टारलिंक के जुड़ने से प्रतिस्पर्धा और विकल्प दोनों बढ़ेंगे।



## रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास लिया

**मुंबई (बढ़ता राजस्थान)।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी। टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे। बुधवार शाम को रिपोर्ट्स आई थीं कि उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी से हटाया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'हैलो, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहा हूं। रेड बॉल क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव का पल रहा। प्यार और सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद। मैं वनडे फॉर्मेट खेलना जारी रखूंगा।'

## जोधपुर और उदयपुर में तेज बारिश, डूंगरपुर में 5 इंच पानी बरसा



### प्रदेश में कल 22 जिलों में आंधी-बारिश अलर्ट


एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। मंगलवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर बुधवार दोपहर तक चलता रहा। वहीं डूंगरपुर जिले में सबसे ज्यादा 5 इंच बारिश दर्ज हुई। बादल छाने और बारिश होने से बुधवार को शहरों में दिन का तापमान कंट्रोल में रहा। लोगों को गर्मी से राहत रही। मौसम विभाग ने गुरुवार को 22 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

बुधवार को जोधपुर, उदयपुर, सिरोही, डूंगरपुर, कोटा, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक समेत कई जिलों में बादल छाए। जोधपुर और सिरोही में दोपहर बाद तेज हवा चली। कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। इससे पहले मंगलवार देर रात उदयपुर संभाग में तेज बारिश हुई। यहां कई इलाकों में 1 से लेकर 5 इंच तक पानी बरसा।

पिछले 24 घंटे के दौरान डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में 121एमएम (करीब 5 इंच) बरसात दर्ज हुई। डूंगरपुर के आसपुर में 53रूरू बांसवाड़ा के घाटोल में 60, भूंगड़ा में 40, जगपुर में 39, जोधपुर के शेरगढ़ में 37, प्रतापगढ़ के धरियावद में 30, सुहागपुर में 25, बाड़मेर के सिंधड़ी में 20, राजसमंद के नाथद्वारा में 55, राजसमंद शहर में 22, खमनोर में 22, उदयपुर के सराड़ा में 48, फजालिया में 55, ऋषभदेव में 35, खेरवाड़ा में 30 एमएम बारिश हुई। जालोर, बाड़मेर, बालोतरा और सलूंबर में भी कई जगह बारिश हुई।

## 2.5 डिग्री बढ़ा दिन का पारा, शाम को बूंदाबांदी



**जयपुर।**

राजधानी में गर्मी से राहत है और अगले दो-तीन दिन आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। बुधवार को अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री बढ़कर 35.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहे। शाम को मौसम पलटा और बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ। शहर के अलग-अलग इलाकों में हल्की बारिश रिकॉर्ड हुई। दिन-रात का पारा सामान्य से 2 से 5 डिग्री कम है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ परिसंचरण तंत्र के रूप में मध्यप्रदेश के पश्चिमी भागों व आसपास के क्षेत्र के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से जयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश व मेघगर्जन होने की संभावना है। इस दौरान तेज आंधी भी चलने का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार 12-13 मई से आंधी बारिश का दौर थमने के बाद तापमान में 3 से 5 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है। फिलहाल अगले 5-6 दिन हीटवेव की संभावना नहीं है।

**प्रगति** | चंद्रयान 2 कामयाब मिशन रहा, जल्द भारतीय अंतरिक्ष यात्री स्पेस में होगा

# 2040 तक भारतीय एस्ट्रोनॉट चांद पर जाएगा: मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा- भारतीय एस्ट्रोनॉट 2040 तक चंद्रमा पर पहुंचेगा। आने वाले हफ्तों में एक भारतीय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में जाने वाला है। भारत के लिए यह गर्व की बात है। चंद्रमा के अलावा मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं। पीएम बुधवार को स्पेस एक्सप्लोरेशन पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। पीएम ने कहा कि चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज में मदद की। चंद्रयान-2 मिशन कामयाब रहा। चंद्रयान-2 हाई रेजोल्यूशन तस्वीरें भेजी थीं।



चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के साउथ पोल के बारे में हमारी समझ और बढ़ाई है। हमने रिकॉर्ड टाइम में क्रायोजनिक इंजन बनाया है। हमने एक ही लॉन्चिंग में 100 सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे। हम 34 देशों के 400 से ज्यादा सैटेलाइट्स भेज चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा, अंतरिक्ष सिर्फ एक गंतव्य नहीं है। यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। भारतीय अंतरिक्ष यात्रा इसी भावना को दर्शाती है। 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय रही है। अंतरिक्ष में भारत की जर्नी सराहनीय है। हमारे रॉकेट पेलोड से कहीं ज्यादा ले जाते हैं। भारत के पूर्व छात्र महत्वपूर्ण वैज्ञानिक मील के पत्थर हैं। पीएम ने कहा- हमने स्पेस में दो सैटेलाइट्स की डॉकिंग की, यह अपने आप में बेहद खास है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा का मकसद किसी अन्य देश के साथ रेस लगाना नहीं है, इसमें सबको साथ लेकर ऊंचाई तक जाना है। हमने दक्षिण एशियाई देशों के लिए सैटेलाइट्स लॉन्च किए। जी-20 सैटेलाइट मिशन की घोषणा हमारी अध्यक्षता में ही हुई थी। हम ग्लोबल साउथ की अवधारणा लेकर चल रहे हैं। 2040 तक भारतीय एस्ट्रोनॉट चंद्रमा पर उतरेगा हमारा पहला मानव अंतरिक्ष यान मिशन, गगनयान, हमारे देश की बढ़ती आकांक्षाओं को उजागर करता है। आने वाले हफ्तों में, एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो-नासा के संयुक्त मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। 2035 तक, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में नए आयाम खोलेगा। 2040 तक, भारत का पदचिह्न चंद्रमा पर होगा। मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं। इंसान को स्पेस में ले जाने वाला भारत का यान गगनयान हमारी आकांक्षाओं को बयां करता है। आने वाले हफ्तों में हमारे एस्ट्रोनॉट्स स्पेस में जाएंगे। यह ISRO और NASA का संयुक्त मिशन होगा। 2035 में भारतीय स्पेस स्टेशन अंतरिक्ष में अन्वेषण के नए आयाम खोलेगा। 2040 में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के कदम चांद पर पड़ेंगे।

# जहां कैदी खो देते थे मानसिक संतुलन....फिर खुलेगी दुनिया की सबसे खतरनाक जेल अल्काट्राज़

**सैन फ्रांसिस्को , एजेंसी।** रहस्य-रोमांच और कैदियों पर अत्याचार की कई कहानियों के लिए बदनाम दुनिया की सबसे खतरनाक अल्काट्राज़ जेल 62 साल बाद फिर से खुलने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जेल ब्यूरो के साथ न्याय विभाग, एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी को जेल को फिर से खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रुथ सोशल साइट पर लिखा, अमेरिका लंबे समय से क्रूर, हिंसक और बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों से त्रस्त है। इसलिए मैं अल्काट्राज़ जेल खोलने का निर्देश दे रहा हूं। इसका पुनः खुलना कानून, व्यवस्था और न्याय का प्रतीक होगा।

अल्काट्राज़ अधिकतम सुरक्षा जेलों के बारे में प्रयुक्त मुहावरे, एक पक्षी भी पर नहीं मार सकता से कहीं अधिक था। चूंकि यह अमेरिकी राज्य सैन फ्रांसिस्को में अथाह समुद्र के बीच एक द्वीप पर बनाया गया था, इसलिए कैदी भागने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। अमेरिका के सर्वाधिक वांछित अपराधियों को यहीं रखा गया था। प्रत्येक कोठरी 9*5 फीट की थी। सुविधाओं के नाम पर वहां कुछ भी नहीं था। जेल की स्थिति ऐसी थी कि कैदियों ने इसका नाम हेलकाट्राज़ (नरक जैसी जेल) रख दिया था। जो एक बार जेल में प्रवेश कर गया, वह बाहर नहीं निकल सका।

जेल की कठोर परिस्थितियों से परेशान होकर कैदी या तो अपना मानसिक संतुलन खो बैठे या आत्महत्या कर ली। अलकाट्राज़ जेल का निर्माण 1934 में किया गया था और इसे 1963 में बंद कर दिया गया था। इसे बंद करने का कारण इसमें लगने वाली लागत थी। अमेरिकी सरकार ने कहा कि अल्काट्राज़ में प्रति कैदी की लागत सामान्य जेलों की तुलना में तीन गुना अधिक है। बंद होने के बाद, अल्काट्राज़ जेल को पर्यटक आकर्षण में बदल दिया गया। हर साल लगभग 1.4 मिलियन पर्यटक इसकी ऐतिहासिक इमारतों, उद्यानों और प्रकाशस्तंभों को देखने आते हैं।

कैदियों ने अल्काट्राज़ जेल से भागने की 31 बार असफल कोशिश की। लेकिन 12 जून 1962 को तीन कैदी, फ्रैंक मॉरिस, जॉन एंगलिन और क्लेरेन्स एंगलिन भाग निकले। जेल प्रशासन ने तब कहा था कि किसी इंसान के लिए इतनी दूर तैरकर किनारे तक पहुंचना असंभव है। संभवतः तीनों कैदी डूब गए होंगे। तीनों कहीं नजर नहीं आए और न ही उनके शव मिले। लंबी जांच के बाद प्रशासन ने 1979 में उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेकिन एक गुमनाम पत्र में उनके जीवित होने का दावा किए जाने के बाद फिर से खोज शुरू हुई, जो अब भी जारी है। अल्काट्राज़ जेल पर हॉलीवुड में कई फिल्में बनाई गई हैं। जेल बंद होने से पहले बर्डमैन ऑफ अल्काट्राज़ (1962) आई थी। इसी वर्ष जेल से तीन कैदियों के भागने की घटना से मची सनसनी को देखते हुए फिल्म निर्माताओं ने नया विषय उठाया। एस्केप फ्रॉम अल्काट्राज़, पॉइंट ब्लैंक, द रॉक और मर्डर इन द फर्स्ट इसी विषय पर आधारित थीं। हैरी पॉटर फिल्मों की श्रृंखला का अज़काबान जेल काफी हद तक अल्काट्राज़ से प्रेरित था। ब्रिटिश काल के दौरान, अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों को कैद करने के लिए भारत के अंडमान निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में एक सेलुलर जेल का निर्माण किया था। कठिन परिस्थितियों के कारण इस जेल को काला पानी कहा जाता था। जेल की 694 कोठरियाँ इस प्रकार बनाई गई थीं कि कैदियों को आपस में मिलने-जुलने की अनुमति नहीं थी। इसकी दीवारों पर आज भी वीर शहीदों के नाम लिखे हुए हैं। यहां संग्रहालय में वे हथियार भी रखे गए हैं जिनसे स्वतंत्रता सेनानियों को यातनाएं दी जाती थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशिगन में फलस्तीन समर्थक सात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लिए गए

**मिशिगन, एजेंसी।** अमेरिका के सरकारी वकीलों ने मिशिगन में फलस्तीन समर्थक सात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लेने का फैसला लिया है। इन पर एक वर्ष पहले मिशिगन विश्वविद्यालय में फलस्तीनी समर्थक शिविर में तोड़फोड़, पुलिस के विरोध और अतिक्रमण करने जैसे आरोप लगे थे। अटॉर्नी जनरल डाना नेसेल ने कहा कि उनका मानना है कि मामले मजबूत हैं, लेकिन वे आलोचना और अन्य कारणों से थक चुके हैं। उन्होंने कहा कि वाश्टेनॉ काउंटी के एक न्यायाधीश ने कई तारीखों पर सुनवाई के बावजूद अभी तक यह तय नहीं किया है कि मामलों को ट्रायल कोर्ट में भेजा जाए या नहीं। डेमोक्रेट समर्थक माने जाने वाले नेसेल ने कहा, पूर्वाग्रह, निराधार और बेतुके आरोपों के कारण माहौल बिगड़ रहा है। ध्यान भटकाने वाली बातों और लगातार हो रही देरी ने एक सर्कस जैसा माहौल बना दिया है। इस कारण वे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लेने पर सहमत हैं। बचाव पक्ष के वकील आमिर मैकलेड ने कहा कि नेसेल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपराध में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

### सिंगापुर की नई संसद में विपक्ष के नेता रहेंगे प्रीतम सिंह : वोंग

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने पुष्टि की है कि वर्कर्स पार्टी के महासचिव प्रीतम सिंह 3 मई के आम चुनाव के बाद नई संसद में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में वोंग ने कहा, सिंह के पास अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए स्टाफ और संसाधन भी होंगे।

### हथकड़ी लगे होने के बावजूद फरार हुआ आरोपी

**सिएटल, एजेंसी।** अमेरिका के सिएटल टाकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। इतना ही नहीं आरोपी फिल्मी स्टाइल में एक ट्रेन में सवार होकर एक अन्य स्टेशन पर उतरकर फरार हो गया। यह सब तब हुआ, जब आरोपी के हाथों में हथकड़ी लगी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी केंटुकी में एक मामले में वांछित है। पुलिस ने एयरपोर्ट पर उसे हिरासत में लिया था, लेकिन वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### रक्षा मंत्री के आदेश से सदमें में अमेरिकी सेना ! शीर्ष नेतृत्व पर गिरी बड़ी गाज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विभागों में कर्मचारियों की कटौती के ट्रंप प्रशासन के कदम को आगे बढ़ाते हुए वहां के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना को अपने शीर्ष नेतृत्व के पदों में 20 फीसदी कटौती का सोमवार को निर्देश दिया। इसे लेकर जहां ट्रंप प्रशासन का मानना है कि इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी, दूसरी ओर आलोचकों को चिंता है कि इससे सेना का राजनीतिकरण हो सकता है। हेगसेथ ने 'नेशनल गार्ड को भी अपने शीर्ष नेतृत्व के पदों में 20 फीसदी की कटौती का निर्देश दिया और सेना को अपने बल में 'जनरल और 'फ्लैग अधिकारी के पदों में अतिरिक्त 10 फीसदी की कटौती करने का कहा है जिसमें एक-स्टार या उससे ऊपर के या नौसेना के समकक्ष अधिकारी शामिल हो सकते हैं। यह कटौती, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप या हेगसेथ द्वारा जनवरी से अब तक बर्खास्त किए गए 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के प्रमुख जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर समेत छह से अधिक शीर्ष जनरल अधिकारियों के अतिरिक्त है। उन्होंने चार-स्टार अधिकारी के तौर पर सेवा देने वाली दो महिलाओं को भी सेना निकाल दिया था। उस समय हेगसेथ ने कहा था कि यह कटौती ''राष्ट्रपति की इस इच्छा को दिखाता है कि उनके आस-पास काबिल लोग हों जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर हमारे दृष्टिकोण को अपनाना चाहते हैं। सोमवार को कटौती की घोषणा करते हुए एक नोटिस में हेगसेथ ने कहा कि वे ''नेतृत्व को सुव्यवस्थित बनाने के लिए अनावश्यक पदों को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सेना को ''अनावश्यक नौकरशाही के स्तरों से मुक्त करना है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा के सदस्य सेठ मौलटन ने कहा कि वह हेगसेथ के इस फैसले को सेना का राजनीतिकरण करने के प्रयास के रूप में देखते हैं।

# यमन में हूती विद्रोहियों के बंदरगाह पर इजराइली एयरस्ट्राइक

**सना, एजेंसी।**
इजराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर हुदैदाह पर सोमवार रात भीषण बमबारी की। सेना के मुताबिक हमले में 20 इजरायली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इसके लिए विमानों ने 2000 किमी की दूरी तय की। हमले में हुदैदाह पोर्ट और बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री को निशाना बनाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुताबिक फाइटर जेट्स ने कम से कम 50 टार्गेट्स पर बम गिराए। इजराइल का यह हमला एक दिन पहले हूती विद्रोहियों के तेल अवीव में बेन गुरियन एयरपोर्ट हमले के जवाब में किया गया। मिसाइल हमले में कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद इजराइल ने इसका बदला लेने का ऐलान किया था।



हूती विद्रोही बोले- इजराइल को जवाब देंगे हूती विद्रोहियों का कहना है कि इजराइली हमले में कम से कम 21 लोग घायल हो गए हैं। हूती विद्रोहियों के मीडिया विभाग के चीफ नसरुद्दीन आमेर ने कहा कि वे इस हमले का जवाब देंगे। इजराइली हमले उन्हें नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह हमला इजराइल और अमेरिका दोनों ने मिलकर किया था। हालांकि, एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन ने इन हमलों में भाग नहीं लिया।

इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला हूती शासन की अर्थव्यवस्था और उसके सैन्य निर्माण के लिए एक झटका है। बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री उनके लिए एक अहम आर्थिक संसाधन के रूप में काम करती है और इसका उपयोग सुरंगों और सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया जाता है।

सेना ने कहा कि हुदैदाह बंदरगाह का इस्तेमाल हूती आतंकी ईरानी हथियारों, सैन्य जरूरतों के लिए उपकरणों और दूसरे आतंकी मकसद के लिए करते थे।

इजराइल का हूती विद्रोहियों पर इस साल का पहला हमला गाजा में जंग शुरू होने के बाद यमन में इजराइल का यह छठा और इस साल का पहला हमला था। इजराइल ने कहा है कि यमन पर हमला हूतियों के इजराइल के खिलाफ बार-बार किए गए हमलों के जवाब में किया गया है। मार्च में हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ा अमेरिकी अभियान शुरू होने के बाद से ढ्रूष्ठस्न ने यमन पर हमला करना रोक दिया था। इजराइल ने यमन के अलावा सोमवार रात सीरिया, लेबनान और गाजा पर भी हमले किए। साउथ लेबनान और बेका घाटी में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। इसके अलावा उन्होंने लेबनान की सीमा से सटे सीरिया पर भी कई हमले किए। अभी तक इन दोनों इलाके में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इजराइली सेना ने गाजा पर भी हमला किया। इसमें 54 लोगों की मौत हो गई है। इस बीच इजराइल गाजा में सैन्य अभियान को और तेज करने का ऐलान किया है। इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सोमवार को इस फैसले पर मंजूरी दी। इसमें गाजा पर पूरी तरह से 'कब्जा' करने और पूरे इलाके पर कंट्रोल करने का प्लान शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि इसे अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। इजराइल तब तक हमास के साथ सीजफायर और बंधक समझौते पर पहुंचने की कोशिश जारी रखेगा। इजराइली सेना के चीफ इयाल जमीन ने गाजा में अभियान तेज करने को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान गाजा में बंधकों की जान को खतरे में डाल सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि नए प्लान से हमास के खिलाफ ज्यादा मजबूत हमले करने और वहां रह गए बंधकों को लाने में मदद मिलेगी। इससे एक दिन पहले सेना इयाल जमीर ने कहा था कि वे अपने रिजर्व सैनिकों को इसके लिए बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना गाजा में जमीन और जमीन के भीतर बने हमास के सभी बुनियादी ढांचे को बर्बाद कर देगी।

# न्यूयॉर्क टाइम्स ने 4, न्यू यॉर्कर ने जीते तीन खिताब




**न्यूयार्क, एजेंसी।**
वर्ष 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम के लिए 'न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने चार और 'न्यू यॉर्कर पत्रिका ने पुलित्जर पुरस्कार 2025 के तीन खिताब जीते। फेंटेनाइल संकट, अमेरिकी सेना और पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास जैसे मामलों की कवरेज के लिए इन्हें सराहा गया। जन सेवा श्रेणी में पुलित्जर का प्रतिष्ठित पदक लगातार दूसरे वर्ष 'प्रोपब्लिका को मिला। कविता सुराना, लिजी प्रेसर, कैसंड्रा जारामिलो और स्टेसी क्रैनिट्ज को उन गर्भवती महिलाओं पर रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया गया, जिनकी मौत सख्त गर्भपात कानूनों वाले प्रांतों में उपचार मिलने में देरी के कारण हुई थी।

'वाशिंगटन पोस्ट ने ट्रंप की हत्या के प्रयास के मामले की ''सबसे तेज और तथ्यपरक कवरेज के लिए पुरस्कार जीता। जनवरी में 'वाशिंगटन पोस्ट को छोड़ देने वाली एन टेलनेस को भी सम्मानित किया गया। अखबार ने ट्रंप के साथ घनिष्ठता रखने वाले कुछ उद्योगपतियों के मजाकिया संपादकीय कार्टून को प्रकाशित करने से इनकार कर दिया था। टेलनेस ने अपने बनाए कार्टून नहीं छापने पर संस्थान को छोड़ दिया था। पुलित्जर्स ने उनकी ''निडरता की प्रशंसा की। 'पुलित्जर ने 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र में 15 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। साथ ही पुस्तकों, संगीत और रंगमंच सहित आठ कला श्रेणियों में भी पुरस्कार दिए। जन सेवा श्रेणी में विजेता को स्वर्ण पदक मिला जबकि अन्य सभी विजेताओं को 15,000 अमेरिकी डॉलर दिए गए।

# पोप वाली तस्वीर के बाद ट्रंप की नई एआई फोटो आई सामने, राष्ट्रपति को मस्कुलर जेडी के रूप में किया गया चित्रित

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एआई के द्वारा बनाई गई तस्वीर ने एक बार फिर से नई चर्चा को जन्म दे दिया है। दरअसल, 4 मई को व्हाइट हाउस ने ÷स्टार वार्स डे÷ पर ट्रंप की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वे लाल लाइटसैबर पकड़े हुए, जेडी की पोशाक पहने हुए, और गंजे ईगल और अमेरिकी झंडों से घिरे हुए हैं।

ये तस्वीर सामने आने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बन गई। ट्रंप की इस तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों ने इसको जमकर शेयर किया है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पोप के पोशाक में एक तस्वीर को साझा किया था, जिसने जमकर सुर्खियां बटोरीं।

व्हाइट हाउस ने एक्स पर लिखा, ÷सभी को 4 मई की शुभकामनाएं, जिसमें कट्टरपंथी वामपंथी पागल भी शामिल हैं जो सिथ लॉर्ड्स, मर्डरर्स, ड्रग लॉर्ड्स, खतरनाक कैदियों और जाने-माने स्र्स-13 गैंग के सदस्यों को हमारी आकाशगंगा में वापस लाने के लिए इतनी



कड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। आप विद्रोही नहीं हैं - आप साम्राज्य हैं। 4 मई आपके साथ हो। माना जा रहा है कि पोस्ट का उद्देश्य ट्रंप को एक देशभक्त जेडी के रूप में प्रस्तुत करना था। हालांकि, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसको लेकर तुरंत विरोधाभास की ओर ध्यान दिलाया कि वह एक लाल लाइटसेबर पकड़े हुए थे, जिसे पारंपरिक रूप से जेडी नहीं बल्कि सिथ लॉर्ड्स द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।

# हमास के हमलों की जांच कराने से इस्राइली कैबिनेट का इनकार, विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इस्राइल पर सात अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमलों की जांच की मांग को इस्राइली कैबिनेट ने खारिज कर दिया है। कैबिनेट ने हमलों की जांच के लिए राज्य आयोग गठित न करने की बात कही है। इसे लेकर विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा है।

विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा कि जांच आयोग गठित न करने का सीधा अर्थ यह है कि सात अक्तूबर जैसी घटना बार-बार होगी। अगर जांच नहीं की जाती है तो यह कभी पता नहीं लग पाएगा कि हमास के हमलों के पीछे का कारण क्या था हम इससे सबक नहीं ले पाएंगे और ऐसा दोबारा न हो इसके लिए कोई उपाय भी नहीं कर सकेंगे। नेतन्याहू ने मेरोन आपदा और पनडुब्बी मामले में राज्य जांच समिति की स्थापना को भी रोकने की कोशिश की। इस बार भी राज्य जांच समिति स्थापित की जाएगी।

वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जांच की मांग का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीतिक रूप से पक्षपाती जांच का विरोध करते हैं। आलोचकों ने नेतन्याहू पर जांच में देरी करने और इसके अधिकार क्षेत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसद बेनी गैंट्ज़ ने कहा कि जनता मूर्ख नहीं है। राज्य जांच आयोग गठित न किए जाने का



एकमात्र कारण जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। यदि आप ऐसा नहीं करने जा रहे हैं, तो कम से कम हमें शर्मनाक बहाने से तो बचिए। हालांकि सेना और इस्राइल ने हमास के हमलों को लेकर जांच पूरी कर ली है। इसकी रिपोर्ट में खुफिया जानकारी की कमी और कमान के मुद्दों को हमले का जिम्मेदार बताया।

बंधकों के परिवारों और पूर्व नेसेट सदस्यों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके हमास के हमलों की जांच की मांग की थी। इसके जवाब में हाईकोर्ट ने फरवरी में सरकार को 11 मई तक जांच को लेकर जवाब देने का आदेश दिया था। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू मंत्रिमंडल जांच को मंजूरी देने से पहले जांच आयोगों की नियुक्ति के तरीके में परिवर्तन चाहता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि राज्य जांच आयोगों के पास गवाहों को बुलाने और सबूत इकट्ठा करने का व्यापक अधिकार होता है और इनका नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश करते हैं। वे जांच के दायरे में आने वाले व्यक्तियों के बारे में व्यक्तिगत सिफारिशें भी शामिल कर सकते हैं, हालांकि सरकार उन पर कार्रवाई करने के लिए बाध्य नहीं है। जांच आयोग न गठित करने की मंशा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। माउंट मेरोन भगदड़ की जांच करने वाले अंतिम राज्य जांच आयोग ने घटना के लिए नेतन्याहू को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया था। वहीं सेना की जांच में सामने आया है कि सेना ने सालों तक हमास के इरादों को गलत समझा और सात अक्तूबर के करीब आते-आते हमले के बारे में खुफिया जानकारी भी नहीं मिल सकी। सेना का ध्यान ईरान और लेबनान में उसके प्रतिनिधि हिजबुल्लाह से होने वाले खतरों पर भी अधिक था। सात अक्टूबर को गाजा सीमा के पास इस्राइली समुदायों पर हमास के हमलों में कम से कम 1,180 लोग मारे गए और 252 इजरायली और विदेशी बंधक बनाए गए। शेष 59 बंधकों में से 36 के मृत होने की आशंका है।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, कहा- सैन्य विकल्प समाधान नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और अधिकतम संयम बरतने तथा तनाव के कगार से पीछे हटने का आह्वान किया। गुटेरेस ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि कोई गलती न करें: सैन्य समाधान कोई समाधान नहीं है। गुटेरेस ने कहा कि वे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद लोगों की भावनाओं को समझते हैं और उन्होंने फिर से उस हमले की कड़ी निंदा की तथा पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है - और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को विश्वसनीय और वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने शांति की सेवा में दोनों सरकारों के प्रति अपने अच्छे कार्यों की पेशकश दोहराई।

शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, गुटेरेस ने दोनों देशों को अपने अच्छे कार्यालयों की पेशकश की, जिसमें कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र किसी



भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार है जो संवाद, तनाव कम करने और संकट के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देता है। 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद दोनों परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच बढ़ती दुश्मनी के बीच उनकी टिप्पणी आई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जोड़ा गया सूत्रों ने बताया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को बंद कमरे में विचार-विमर्श किया, जिसमें कई संयुक्त राष्ट्र सदस्यों ने पाकिस्तान की भूमिका और बयानबाजी पर सवाल उठाए। पाकिस्तान, जो वर्तमान में शक्तिशाली परिषद का एक अस्थायी सदस्य है, ने परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच स्थिति पर बंद कमरे में विचार-विमर्श का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, असीम इफ्तिखार अहमद ने एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे दावे फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मंच का दुरुपयोग किया। पहलगाम आतंकी हमले से ध्यान हटाने के प्रयास में, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को उठाया और भारत पर सैन्य निर्माण और भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया। सुरक्षा परिषद की यह बैठक सोमवार दोपहर को लगभग डेढ़ घंटे तक चली। बैठक का आयोजन 'यूएनएससी चैंबर' में नहीं बल्कि उसके बगल के परामर्श कक्ष में हुआ। सुरक्षा परिषद ने बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके उद्देश्य ''काफी हद तक पूरे हो गए''। पाकिस्तान, वर्तमान में 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है, जिसने परमाणु-हथियार संपन्न पड़ोसी देशों के बीच स्थिति को लेकर ''बंद कमरे में परामर्श'' का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र में राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों के विभाग (डीपीपीए) एवं शांति अभियान विभाग (डीपीओ) में पश्चिम एशिया, एशिया और प्रशांत मामलों के लिए सहायक महासचिव खालिद मोहम्मद खैरी ने दोनों विभागों की ओर से सुरक्षा परिषद को जानकारी दी। खैरी ट्यूनीशिया से हैं। बैठक से बाहर आकर खैरी ने कहा कि ''संघर्ष का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से निकालने'' का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि ''स्थिति काफी अस्थिर है।'' 90 मिनट के सत्र के दौरान, परिषद के सदस्यों ने पाकिस्तान की बढ़ती परमाणु बयानबाजी और हाल ही में किए गए मिसाइल परीक्षणों पर चिंता जताई, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने क्षेत्रीय अस्थिरता में योगदान दिया है। प्रतिभागियों ने पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए झूठे झंडे की कहानी को भी खारिज कर दिया और घातक हमले के मद्देनजर जवाबदेही के लिए दबाव डाला। सूत्र ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की संभावित भागीदारी के बारे में भी सवाल उठाए गए और पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के लिए निशाना बनाए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की पाकिस्तान की कोशिशें नाकाम हो गईं, क्योंकि बैठक के बाद चीन समेत किसी अन्य सदस्य ने प्रेस बयान में शामिल नहीं हुआ। सत्र बिना किसी प्रस्ताव, बयान या प्रेस विज्ञप्ति के समाप्त हो गया, जिससे परामर्श के दौरान और उसके बाद पाकिस्तान प्रभावी रूप से अलग-थलग पड़ गया।

# ऑपरेशन अभ्यास के तहत अल्ट्रा टेक में हवाई हमले पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का हुआ सफल आयोजन

## घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, आपात स्थिति में राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा गया

### करीब 200 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया एवं 20 घायलों को अस्पताल

### जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने विभागों का त्वरित प्रदर्शन परखा, आवश्यक निर्देश दिए



मरुधर विशेष

**कोटपूताली-बहरोड़,** । आदित्य बिरला अल्ट्रा टेक, मोहनपुरा में मंगलवार को सिविल डिफेंस के तहत आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास शाम 4 बजे किया गया। मॉकड्रिल के तहत सीमेंट प्लांट पर हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, सिविल डिफेंस,चिकित्सा, अग्निशमन व अन्य संबंधित विभागों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। प्रशासन व पुलिस द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई।

**मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं**

सायरन की आवाज एवं कंट्रोल रूम में सूचना मिलने के साथ ही पुलिस, प्रशासन की गाड़ियां, एम्बूलेंस व फायर ब्रिगेड घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। सायरनों की आवाज सुनकर हर कोई बचाव की मुद्रा में आ गया एवं हवाई हमले के बाद घायलों एवं प्रभावितों को बचाने के लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित विभाग सक्रिय हो गये। यह मॉकड्रिल प्लांट में दुश्मन देश के हवाई हमले की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से की गई। हवाई हमले के साथ मॉक ड्रिल की शुरुआत हुई, जिसके तत्काल बाद सायरन बजने लगे, जिला पुलिस कंट्रोल रूम को हवाई हमले की सूचना दी गई। पुलिस, चिकित्सा, सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। तत्काल प्रभाव से एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मॉक ड्रिल में घायल हुए लोगों को एम्बुलेंस के माध्यम से बीडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग बुझाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सिविल डिफेंस एवं फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा सीढ़ी की सहायता से दो मंजिला भवन की छत से घायलों को नीचे उतारने का सजीव प्रदर्शन करते हुये अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड टीम ने पानी व फॉम के माध्यम से आग पर काबू पाने का मॉक ड्रिल किया.

**प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली कमान**

हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने मौके पर पहुँचकर बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लेकर टीम की सक्रियता को परखा। एसडीएम कोटपूतली बृजेश कुमार चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोर्चा संभालकर परिस्थिति को नियंत्रण में लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता द्वारा आसपास जमा भीड को हटाते हुये संभावित हमले से बचाव के लिये एसओपी की पालना के निर्देश दिये गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, आयुक्त नगर परिषद धर्मपाल जाट ने बचाव राहत कार्यों की टीम के साथ समन्वय का कार्य किया।

अस्पताल पहुंचने पर, घायलों को तुरंत सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने उनकी प्राथमिक जांच की और उन्हें उनकी चोटों की गंभीरता के अनुसार विभिन्न वार्डों में भेजा गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के नेतृत्व में अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में तेजी और समन्वय देखा गया। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने मॉकड्रिल में घायल हुए लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की।

**सेफ हाउस और अस्पताल का लिया जायजा**

जिला कलक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक भी अस्पताल और महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा में बनाए गए सेफ हाउस पहुंचे. उन्होंने अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीडीएम अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया एवं आपातकालीन में लाए गए करीब 5 घायलों की स्थिति अनुरूप व्यवस्थाओं देखा। करीब 15-20 घायलों को प्लांट के अस्पताल में भर्ती किया गया. वहीं महात्मा गांधी विद्यालय, मोहनपुरा में रेस्क्यू कर बसों व सरकारी वाहनों के माध्यम से पहुंचाएं गए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर ऐसी स्थिति में धैर्य से काम लेने को कहा. उन्होंने वहां लोगों के लिए पेयजल, शौचालय, भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति देखी एवं निर्देश दिए, चिकित्सा व्यवस्था को देखा, जिला रसद अधिकारी ने भोजन आदि की स्थिति को संभाला.

जिला कलक्टर ने अस्पताल प्रशासन से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक फीडबैक भी दिया। साथ ही एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक चिकित्सक उपकरणों की स्थित, चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की उपस्थित को भी देखा. मॉक ड्रिल के अंत में जिला कलक्टर ने कहा कि यह मॉकड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के समन्वय और तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल से किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की हमारी क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती रहेंगी ताकि आपात स्थिति के लिए जिला प्रशासन तैयार रहे।

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मॉक ड्रिल से उन्हें अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में मदद मिलेगी। यह मॉक ड्रिल नगर परिषद और जिला प्रशासन के आपदा प्रबंधन की तैयारियों को दर्शाती है और यह संदेश देती है कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैयार हैं। मॉक ड्रिल के दौरान डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार सैनी, पुलिस प्रशासन एवं समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नीमराना नगर पालिका के सामने विजय बाग रोड पर नाले के सिवरेज लाइन का बिना ढक्कन चेंबर हादसे को दे रहा निमंत्रण

### नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही



मरुधर विशेष

**नीमराना** नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है ।नीमराना नगर पालिका ऑफिस के सामने से विजय बाग की तरफ निकल रहे रोड पर गंदे पानी के लिए निकाले गए नाले के सिवरेज लाइन के चेंबर पर का ढक्कन टूटने के बाद लगाया नहीं गया है ।बिना ढक्कन का चेंबर हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं। कभी भी टूटे हुए चेंबर में बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग गिरकर हादसे का शिकार हो सकते हैं। जबकि यह एरिया नीमराना नगर पालिका ऑफिस के सामने मात्र 100 मीटर की दूरी में ही है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मामले को लेकर बेखबर हैं ।खुले पड़े चेंबर से कभी बड़ा हादसा हो सकता है। मामले को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राहुल अग्रवाल का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही मजदूरों को बुलाकर टूटे हुए चैंबर को ठीक करवा दिया जाएगा।

## ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत नून हवाई पट्टी पर नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

### हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा

मरुधर विशेष

**जालोर( सतीश सुन्देशा)** गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में बुधवार को नून हवाई पट्टी पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया जिसके तहत हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया। मॉक ड्रिल में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशन व इंसीडेन्ट कमाण्डर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, अग्निशमन, एनसीसी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम सहित नागरिक सुरक्षा सेवाओं की रेस्पोंस टाइम के क्रियान्वयन का आंकलन तथा आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी और उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया गया।



**मॉक ड्रिल के तहत सायरन बजाकर नागरिकों को किया गया सतर्क**

भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रिल के तहत बुधवार को अपरान्ह 4 बजे कंट्रोल रूम से नून हवाई पट्टी पर हवाई हमले की सूचना प्रसारित की गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को सतर्क किया गया। सूचना मिलने पर तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन, एंबुलेंस, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ दल पहुँचे तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए दलों द्वारा घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय ले जाया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (अति. प्रभार) नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण, पीएचईडी के अधीक्षण संजय शर्मा, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र प्रजापति, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, रिजर्व लाईन पुलिस इंस्पेक्टर लीलसिंह सहित विभागीय अधिकारी, पुलिस, सिविल डिफेंस के कार्मिक उपस्थित रहे।

## अलंकरण समारोह आयोजित, विद्यार्थियों को नई जिम्मेदारी सौंपी









मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में बुधवार को अलंकरण समारोह मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी, बर्सर विकास चौधरी व उपप्रधानार्य रमेश सकलानी ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय में आयोजित भव्य अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों को एक नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके तहत अंजली पुत्री राजकुमार मीणा को छात्रा प्रतिनिधि, अद्विता पुत्री राकेश गौड़ को छात्रा उपप्रतिनिधि नियुक्त किया गया। छात्र जतिन महर्षि व आर्यन मित्तल तथा छात्रा सिद्धिका यादव व लक्की यादव को विद्यार्थी प्रमुख चुना गया। छात्र कबीर मावी को छात्रावास प्रतिनिधि, अभिश्री गोयल व गार्गी जांगिड़ को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिनिधि, अजीत यादव व प्रियंका यादव को खेल प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। छात्र हिमेश यादव, अक्षिता भारद्वाज, तन्मय खत्री, सखी बंसल, प्रिंस अग्रवाल, रीना गुर्जर, अभयराज व ज्योति शेखावत को अपने-अपने सदन का प्रतिनिधि चुना गया। समारोह में सभी नियुक्त किये गये प्रतिनिधियों को कर्तव्यनिष्ठा व अपने पद के प्रति समर्पण भाव की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने सभी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप बाकी सभी विद्यार्थियों के लिये आदर्श हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी व बिना किसी भेदभाव के निर्वहन करें। आप सभी के साथ विद्यालय व हम सभी शिक्षकों का नाम भी जुड़ा हुआ है, आप सभी का यह कर्तव्य बनता है कि आप अपनी कर्तव्यनिष्ठा व समर्पण के माध्यम से विद्यालय की मान-सम्मान को और अधिक ऊंचाईयों पर लेकर जायें। बर्सर विकास चौधरी, उप प्रधानाचार्य रमेश सकलानी, शैक्षिक संयोजक डॉ. सुधा सिंह, राकेश गौड़ व इंदु शर्मा ने सभी चुने गये प्रतिनिधियों को बधाई दी। संचालन शिक्षिका सौम्या दालाकोठी के निर्देशन में छात्रा लवि राव ने किया।

## मंगल मिलाप के अंतर्गत तिलोत्तमा पंड्या विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष के निवास पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** मंगल मिलाप के अंतर्गत हर मंगलवार शाम 7 बजे अलग अलग मंदिर ओर घरों में हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है।आज तिलोत्तमा पंड्या (विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष) अरुण जोशी (पत्रकार) के जलाराम कॉलोनी गली नंबर दो में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस अवसर पर पंडित हेमेंद्र पंड्या ने कहा कि हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है और इस दिन बजरंगबली की पूजा करने का विशेष महत्व माना जाता है। मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर देते हैं, हनुमान चालीसा का पाठ करने से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। सही नियमों का पालन करके हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करना बेहद लाभकारी माना जाता है। पुरुष और महिलाएं दोनों हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं। हनुमान चालीसा को जल्दी फल देने वाला माना जाता है और इसका पाठ रोज करना चाहिए। हनुमान चालीसा का पाठ करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इस दौरान धर्म रक्षा में सबसे आगे रहने वाले हेमेंद्र पंड्या,अखंड सनातन मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह जाधव, कमलेश टेलर, दिग्पालसिंह राठौड़, देवू भाई टेलर, प्रवीण त्रिवेदी, हर्षवर्धन पंड्या, सुनील शर्मा (पत्रकार) अरुण जोशी (पत्रकार) जलाराम कॉलोनी महिला मंडल से दिव्या पंड्या तिलोत्तमा पंड्या पूर्व पार्षद पायल पंड्या,ममता शर्मा, हेमलता पंड्या,पप्पी बेन,सीमा निगम, मीनाकुवर सिद्धि कुंवर,किरण कुमावत,नीता, मोनिका,राधा प्रजापत, कीर्ति राव,सविता गरासिया,शीला सेन,मेघना जोशी,फ्रेया त्रिवेदी अनन्या पंड्या ओर महिला शक्ति आदि कई भक्त जन उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना ने आतंकियों के घर में घुसकर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों ध्वस्त कर कई आतंकियों को मौत के घाट उतार ने पर सेना का उत्साह वर्धन करने महाआरती का आयोजन

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** बड़ोदिया में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान मे चल रहे आतंकी ठिकानो पर की गई बम बारी (जवाबी सैन्य कार्यवाही) की प्रसंन्नता प्रकट करने, सेना के प्रति आभार प्रकट करने, सेना का उत्साह वर्धन करने महाआरती का आयोजन रखा गया स्वामी विवेकानंद महाराज के सानिध्य में शिव हनुमान मन्दिर बड़ोदिया पर महाआरती, दीप प्रज्वलन और प्रसाद बांटने का आयोजन रखा गया इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहा कि पहलगांव में मुस्लिम आतंकीयो द्वारा निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की गई जिसमे कई माताओं बहनों के मांग का सिंदूर उजाड़ दिया गया जिसका बदला देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के निर्देश से हमारी भारतीय सेना ने आतंकियों के घर में घुसकर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों ध्वस्त कर कई आतंकियों को मौत के घाट उतार कर ले लिया है । मिशन सिंदूर तो केवल झांकी हे अभी मिशन मेंहदी,हल्दी बाकी हे समस्त ग्रामीणों ने इस अवसर पर हनुमान जी महाराज से भारतीय सेना की रक्षा करने और सेना को अतुल बल प्रदान करने के लिए धर्म की जय ओर अधर्म के नाश की सामूहिक प्रार्थना की इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालसिंह सोलंकी ,किशोर शुक्ला , जगदीश जोशी ,हिम्मत सिंह राव, छगनलाल जोशी,अशोक नाई, रमेश सुथार, खेमचंद कलाल, महेश पानेरी ,लालजी डामोर, अनिल हरिजन,कमलेश बुनकर ,राजेश शुक्ला, मयंक जोशी, मोहित जोशी, निशांत जोशी, विनय ठाकुर,नयन जोशी,कुंदन जोशी आदि सर्व सनातन हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे सभी का आभार किशोर शुक्ला ने माना

## हिंदू जागरण मंच ने आतिशबाजी कर मनाया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न



मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** हिंदू जागरण मंच ने बुधवार को आतिशबाजी कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया। जिला सह संयोजक प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में हिंदू जागरण मंच कोटपूतली ईकाई द्वारा भारत माता की जय के उदघोष व आतिशबाजी कर ढ़ोल नगाड़ों के साथ नाचते झूमते खुशियां मनाते हुये मिठाई वितरित ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मनाया गया। मंच के नगर संयोजक जितेन्द्र जोशी ने बताया कि पहलगाम में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने कायरतापूर्ण तरीके से पयर्टकों पर धर्म पूछकर गोली चलाई। इसके बदले भारतीय सेना द्वारा मॉक ड्रिल कर ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान में घुसकर 09 आतंकी कैंपो का खात्मा किया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिये भारत के वीर जवानों को सलाम कर नगरपालिका तिराहा पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर भारत माता की जय के साथ तिरंगा लहराकर, वंदे मातरम्, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। जिला संयोजक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री सेना को युद्ध का आदेश देते है और ऐसे में भगवान ना करे भारतीय सेना में कोई जवान घायल हो, फिर भी अगर कोई जवान घायल होता है तो हर भारतीय युवाओं का खून राष्ट्र के नायकों के लिये तैयार है। इस दौरान नगर संयोजक जितेन्द्र जोशी, विक्रम कसाना, विश्वनाथ सोनी, जितेन्द्र चौधरी, प्रवीण बंसल, अशोक सुरेलिया, रजत जिंदल, प्रमोद गुरुजी, शशि मित्तल, नमीचंद हिन्दू, होशियार कसाना, रूपसिंह शेखावत, जितेन्द्र बंसल, सोनू बंसल, अरविंद शरण, मनोज गौड़, दीपक बंसल, करण सैनी, सतीश योगी, रामकिशन अग्रवाल, राजू सैनी, अशोक गुप्ता आशु गुप्ता, पारुसिंह समेत अन्य मौजूद रहे।




## कोटपूतली में ब्लैक आउट पूर्वाभ्यास रहा सफल कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में 08.30 से 08.45 बजे तक करीब 15 मिनट लाईटें रही बंद

### आमजन में दिखी चेतना, प्रशासन की तैयारियों का किया भरपुर सहयोग

मरुधर विशेष



**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिये निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जिले भर की तरह कोटपूतली एवं आसपास के क्षेत्र में ब्लैक आउट का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) का व्यापक असर देखने को मिला। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्गो सहित राजमार्ग एवं सभी सम्पर्क सडक़ों पर वाहन संचालकों ने गाडियों को रोक कर लाईटें बंद कर ली। साथ ही घरों की सभी लाईटों समेत रोड़, हाई मास्क व राजमार्ग पर लगी विभिन्न लाईटों को भी बंद कर दिया गया। साथ ही टॉर्च समेत सभी इलैक्ट्रीक सोर्स भी बंद किये गये, जिससे जमीन पर किसी भी प्रकाश नहीं दिखाई दें। इस दौरान पुरा कोटपूतली शहर अंधेरे में डुबा हुआ नजर आया। इसमें सिविल डिफेंस के साथ-साथ एनसीसी, स्काउट गाइड की टीमों ने पुलिस प्रशासन का भरपुर सहयोग किया। साथ ही सभी घरों समेत दुकानों, होटलों, भवनों व कार्यालयों में लाईटें स्वत: ही बंद कर दी गई। आमजन में इस दौरान किसी भी प्रकार की अफरा तफरी भी देखने को नहीं मिली। विभिन्न स्थानों पर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, तहसीलदार रामधन गुर्जर, कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा, सरूण्ड एसएचओ बाबूलाल मीणा, पनियाला एसएचओ मोहर सिंह आदि मय जाप्ते के मॉनीटरिंग करते नजर आये। साथ ही आमजन को विभिन्न निर्देश भी प्रदान किये गये।



## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त, सशस्त्र सीमा बल ने चौकसी बढ़ाई

बगहा (एजेंसी)। बिहार में संभावित आतंकी हमले के इनपुट के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई है। बगहा के इंडो नेपाल-बॉर्डर वाल्मिकीनगर स्थित सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने चौकसी बढ़ा दी है। सुरक्षाबलों की ओर से यात्रियों के सामानों की जांच भी विशेष मशीनों की मदद से की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि को पकड़ा जा सके। इतना ही नहीं एसएसबी के अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है और खासकर सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा के विशेष निर्देश जारी किए हैं। वाल्मिकीनगर सीमा पर हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर राजनीति नहीं होनी चाहिए: प्रशांत किशोर

पूर्णिया (एजेंसी)। भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्रवाई का पूरा देश समर्थन करता है, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पूर्णिया में उद्घोष यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ सेना जो कार्रवाई करती है, वह पूरी तरह उचित है। लेकिन इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसमें देश के नागरिकों और जवानों की जान दांव पर होती है। प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि यह समस्या दोबारा सिर न उठा सके। उन्होंने कहा कि सेना और सुरक्षा एजेंसियों को बिना किसी हस्तक्षेप के अपना काम करने देना चाहिए। प्रशांत किशोर ने स्पष्ट किया कि जन सुराज परिवार पूरी तरह से भारतीय सेना के साथ खड़ा है और प्रार्थना करता है कि किसी भी भारतीय नागरिक या जवान को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचे। प्रशांत किशोर ने मीडिया से भी अपील की कि वह इस मुद्दे पर संयम बरतें और इसे सनसनीखेज बनाने से बचें। उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक गंभीर चुनौती है और इसे केवल सेना और सुरक्षा एजेंसियों के अनुभव और विशेषज्ञता से ही निपटा जा सकता है। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं, जिसके बाद देशभर में उत्साह और जश्न का माहौल है। हालांकि, प्रशांत किशोर जैसे नेता इस पर राजनीतिक बयानबाजी से बचने और केवल सेना के समर्थन पर जोर दे रहे हैं।



## कुत्तों का आतंक! अब तक 250 लोगों को काटा, घर से निकलने से डर रहे लोग

फरीदाबाद (एजेंसी)। बल्लभगढ़ के पंजाबी मोहल्ले में आवारा कुत्तों का आतंक है यहां लोगों का घर से निकलना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि सुबह-सुबह दो कुत्ते लगातार लोगों को काट रहे हैं जो भी गली में आता जाता है, उन पर हमला कर देते हैं। अब तक करीब 250 लोगों को यह कुत्ते काट चुके हैं। इस डर से लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं, जिन्हें जरूरी काम से बाहर जाना होता है तो वह डंडा लेकर निकलते हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया सुबह-सुबह ही ये कुत्ते लोगों को काट रहे हैं। पार्षद से इसकी शिकायत की थी, उन्होंने कहा कि वह बाहर हैं कुछ नहीं कर सकते। अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों को काट चुके हैं। मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने बताया सुबह 8 बजे से ही मोहल्ले में दहशत का माहौल है। हर किसी के हाथ में डंडा रहता है कोई भी बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर रहा। बच्चे महिलाएं सब डरे हुए हैं। शिकायत के बाद भी नगर निगम कार्रवाई नहीं कर रहा है। मोहल्ले के पार्षद भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो के विमान की मुंबई में आपात लैंडिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। चंडीगढ़ से उड़ान भरने वाले इंडिगो के एक विमान ने बम होने की धमकी मिलने के बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, हवाई अड्डे के हॉटलाइन नंबर पर मंगलवार को बम होने की धमकी वाला फोन आया था। मुंबई हवाई अड्डे के सूत्र ने बताया, ''इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-6382 में बम होने संबंधी धमकी के कारण हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष ने मंगलवार को अपराह्न 2-32 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया।''सूत्र ने विमान में मौजूद लोगों की संख्या का खुलासा किए बिना बताया कि विमान दोपहर 14.57 बजे सुरक्षित रूप से उतरा और सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार जांच के लिए उसे एक अलग स्थान पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि विमान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विमान की गहन जांच की गई लेकिन इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## पिछले चार महीनो में 17 छात्रों की आत्महत्या

### -सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रूख अख्तियार किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों की आत्महत्या के मामले में कडा रुख अख्तियार किया है। जनवरी 2025 से लेकर 5 मई के बीच में अभी तक 17 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है, क्या इन बच्चों की आत्महत्या के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पादरीवाला और आर महादेवन की संयुक्त पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को आदेश दिया है। वह आत्महत्या के मामलों से संबंधित पुलिस स्टेशन से जल्द से जल्द रिपोर्ट प्राप्त कर खंडपीठ को जानकारी दें। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आईआईटी खडगपुर और कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा द्वारा आत्महत्या के मामले में गंभीरता दिखाते हुए रजिस्ट्री को आदेश दिया है। आईआईटी खड़गपुर के तीसरे वर्ष के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र मोहम्मद आसिफ द्वारा 4 मई को हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या की है।

# चुनाव से पहले नीतीश को याद आये बेरोजगार

**– सत्तारूढ़ गठबंधन को अपनी साख बचाने की चुनौती**

**– युवाओं की नाराजगी को शांत करने की कोशिश**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में 2025 विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बेरोजगारों की याद आ गई है। मंगलवार को उन्होंने अपने आवास पर बीजेपी नेताओं के साथ बैठक की और राज्य में 10 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ चुनावी वादा है या सरकार सच में युवाओं को रोजगार देने का इरादा रखती है?

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक में बीजेपी नेताओं से राज्य के विकास, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया उनके उस बयान ने, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य में 10 लाख नए रोजगार देगी। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब बिहार में चुनावी मौसम शुरू हो चुका है और सत्तारूढ़ गठबंधन को अपनी साख बचाने की चुनौती है। बिहार में बेरोजगारी लंबे समय से एक गंभीर समस्या रही है। राज्य के लाखों युवा हर साल रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले 10 लाख रोजगार का वादा करना नीतीश सरकार की युवाओं की नाराजगी को शांत करने की कोशिश मानी जा रही है।

यह पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार ने रोजगार देने का वादा किया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी नीतीश सरकार ने 19 लाख रोजगार देने का दावा किया था। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि सरकार अपने पिछले वादों को पूरा करने में नाकाम रही है और अब चुनावी मौसम में फिर से पुराने वादों को दोहराया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी नेताओं से उनके मंत्रालयों के कामकाज की जानकारी ली और 'प्रगति यात्रा' के दौरान किए गए वादों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। हालांकि बैठक के बाद बीजेपी नेताओं ने मीडिया से कोई बयान नहीं दिया, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह बैठक चुनावी रणनीति को लेकर थी।

**क्या वादा सिर्फ चुनाव तक?**

बिहार की जनता यह सवाल कर रही है कि क्या यह वादा सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहेगा या वाकई सरकार इसे पूरा करेगी? विपक्षी दल इसे चुनावी चाल बता रहे हैं, जबकि नीतीश सरकार इसे राज्य के विकास का हिस्सा कह रही है। अब देखना होगा कि नीतीश कुमार का यह वादा बिहार के युवाओं को कितना भरोसा दिला पाता है और चुनाव के नतीजों पर इसका क्या असर पड़ता है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीजेपी को अपना नया बॉस चुनने में हो सकती है देरी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नए अध्यक्ष का चुनाव होना है। बीजेपी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बीजेपी पार्टी को चुनाव के लिए बस हरी झंडी का इंतजार था। लेकिन अब पहलगाम आतंकी हमले और इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद बनी परिस्थितियों में इसमें देरी हो सकती है।

बीजेपी संगठन चुनाव को लेकर स्थिति अभी कुछ साफ नहीं है। बीजेपी सूत्रों के अनुसार जेपी नड्डा के बाद अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए सारी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। पार्टी ने अब तक 14 राज्यों में संगठन चुनाव पूरे कर लिए हैं और 13 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए नाम फाइनल हो चुका है।

बीजेपी के संविधान के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए करीब 18 राज्यों में संगठन चुनाव की प्रक्रिया का पूरा होना जरूरी है। जिन राज्यों में चुनाव हुए थे, वहां भी संगठन चुनाव की प्रक्रिया जोरों पर है। महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में भी प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव अगले 15-20 दिनों में हो सकता है। पार्टी के मुताबिक नए अध्यक्ष को लेकर बनी असमंजस की स्थिति के बावजूद संगठन के काम की रफ्तार तेज है। एक दिन पहले ही राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक कर पार्टी नेतृत्व ने कार्यक्रमों की समीक्षा की। दरअसल, बीजेपी ने बीते महीने से चार देशव्यापी अभियान शुरू किए थे। पार्टी के स्थापना दिवस पर एक हफ्ते का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान की शुरुआत हुई थी। अभियान के तहत पार्टी के नेताओं ने देशभर के करीब ढाई लाख गांवों में करीब छह लाख बूथ तक पहुंचकर जनसंपर्क किए।

## सरकार ने लागू की कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम, सड़क हादसे में घायल का होगा मुफ्त इलाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025 की शुरुआत की है, जो 5 मई 2025 से पूरे देश में लागू हो चुकी है। इस योजना का उद्देश्य सड़क हादसों में घायल लोगों को तुरंत और बेहतर इलाज मुहैया कराना है, ताकि उनकी जान बचाई जा सके।

जानकारी के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना का शिकार होता है, तो उसे 1.5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। यह इलाज पहले 7 दिनों तक किसी निर्धारित अस्पताल में कैशलेस इलाज कराया जा सकेगा। इसका मतलब है कि आपको न तो जेब से पैसे निकालने होंगे और न ही किसी बीमा या दस्तावेज की चिंता होगी। कोई भी व्यक्ति एक्सीडेंट का शिकार होता है, वह इस योजना के अंतर्गत आएगा। हादसा किसी भी राज्य या शहर में हुआ हो, पूरे भारत में यह योजना लागू होगी। इलाज सिर्फ डिजाइनेटेड हॉस्पिटल यानी सरकार द्वारा चुने गए अस्पतालों में ही होगा। अगर आप किसी अन्य अस्पताल में जाते हैं, तो वहां सिर्फ शुरुआती इलाज मिलेगा, जब तक कि आपको किसी डिजाइनेटेड अस्पताल में शिफ्ट नहीं किया जाता है।

योजना को नेशनल हेल्थ अथॉरिटी लागू कर रही है। राज्यों में यह काम स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल और स्टेट हेल्थ एजेंसीज देख रही हैं। पूरे सिस्टम की निगरानी के लिए 11 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता सड़क सचिव करेंगे। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि 2023 में भारत में 4.80 लाख सड़क हादसे हुए, जिनमें 1.72 लाख लोगों की जान गई। इनमें से कई मौतें समय पर इलाज न मिलने के कारण हुईं। सरकार इस योजना के जरिए यह तय करना चाहती है कि कोई भी घायल इलाज से वंचित न रह जाए। समय पर इलाज मिलने से हादसों में मौतें कम होंगी। गरीब या आम आदमी को बिल की चिंता किए बिना इलाज मिलेगा। अस्पतालों में इलाज की प्रक्रिया आसान और तेज होगी।

## आज मालेगांव ब्लास्ट 2008 केस का फैसला, साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और अन्य आरोपियों की किस्मत का होगा फैसला

**मुंबई (एजेंसी)।** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में 17 साल बाद आज गुरुवार को फैसला सुनाया जाएगा। मालेगांव में एक धार्मिक स्थल के बाहर हुए विस्फोट में छह लोगों की जान चली गई थी और 101 लोग घायल हुए थे। इस घटना के बाद पहली बार हिंदू आतंकवाद फैलाने के आरोप लगे थे। 19 अप्रैल को मुंबई सत्र न्यायालय में विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश एलके लाहोटी ने मामले की सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई-प्रोफाइल आरोपियों, बदली जांच एजेंसियों, बदले हुए जजों और प्रमुख गवाहों के दलबदल समेत इन तमाम घटनाक्रमों के कारण यह मामला पूरे देश में सुर्खियों में रहा है। आपको बता दें कि मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, सेवानिवृत्त मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी उर्फ ??स्वामी अमृतानंद, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी पर हत्या, विस्फोटक अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, आतंकवाद निरोधक अधिनियम और यूएपीए से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जबकि, आरोपी श्याम साहू, प्रवीण टकलकी, रामजी कालसंग्रा और संदीप डांगे फरार थे।

**एटीएस से एनआईए तक जांच**

मालेगांव विस्फोट मामले की प्रारंभिक जांच करने वाले आतंकवाद निरोधक दस्ते ने 11 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मकोका के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। ये सभी अभिनव भारत संगठन से जुड़े हैं और एटीएस ने आरोप लगाया था कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए भोसला मिलिट्री स्कूल में कुछ युवकों को हथियार और विस्फोटक का प्रशिक्षण दिया था। घटना की प्रारंभिक जांच तत्कालीन एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे के नेतृत्व में की गई थी, जिनकी 26/11 मुंबई आतंकी हमले में मौत हो गई थी। इसमें एटीएस ने एलएमएल फ्रीडम मोटरसाइकिल की मालिक साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को गिरफ्तार किया था, जिस पर बम रखा गया था। हमले की साजिश रचने के लिए कई जगहों पर बैठकें की गई थीं। एटीएस ने बैठक में मौजूद सभी लोगों को हिरासत में लिया और 2010 में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। फिर 2011 में मामला नवगठित एनआईए को सौंप दिया गया। एनआईए ने आगे की जांच की और 13 मई, 2016 को मामले में एक पूरक आरोपपत्र दायर किया। एनआईए ने कहा कि वह एटीएस द्वारा लगाए गए कुछ आरोपों से सहमत नहीं है और अदालत से इस मामले में मकोका के तहत दर्ज मामलों को रद्द करने का अनुरोध किया। इसने यह भी स्पष्ट किया कि साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, श्याम साहू, प्रवीण टकलकी और रामजी कालसंग्रा पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे। हालांकि, अदालत ने इसे खारिज कर दिया और आरोपियों के नाम हटाने से इनकार कर दिया, यह समझाते हुए कि एटीएस द्वारा एकत्र किए गए सबूतों से इनकार नहीं किया जा सकता। एनआईए के अनुरोध पर विशेष एनआईए अदालत ने 2017 में मामले से मकोका की धारा हटाने पर सहमति जताई थी। हालांकि, उसने स्पष्ट किया था कि साध्वी प्रज्ञा सिंह और छह अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला जारी रहेगा। उसके बाद दिसंबर 2018 में मुंबई सत्र न्यायालय में मामला शुरू हुआ। सरकार ने इस मामले में 100 से अधिक चश्मदीदों से पूछताछ की। इनमें से कुछ इसमें घायल हुए थे, जबकि कुछ ने अपने रिश्तेदारों को इसमें खो दिया था। इस मामले में कुल 323 गवाहों की जांच की गई। जिनमें से 34 को अदालत में अपनी गवाही बदलने के बाद फितूर घोषित किया गया था। यह मामला पिछले 17 वर्षों से लंबित है। इस फैसले से पहले मामले के कुल 30 गवाहों की मृत्यु हो चुकी है। कई फितूरों ने अदालत को बताया था कि एटीएस ने उनके बयान जबरन दर्ज किए थे. सितंबर 2023 में, अदालत ने दोनों पक्षों की



अंतिम दलीलें सुनना शुरू किया, तथा सभी गवाह साक्ष्य दर्ज किए गए। इस मामले में अविनाश रसाल और उनकी बेटी अनुश्री रसाल ने विशेष सरकारी वकील के तौर पर काम किया। सरकारी पक्ष का पूरा पक्ष प्रत्यक्षदर्शियों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। इसमें आरोपियों के कॉल डेटा रिकॉर्ड और उनकी आवाज़ के नमूने शामिल हैं। दूसरी ओर, आरोपियों की ओर से दलील दे रहे प्रशांत मग्गू और रंजीत सांगले ने दावा किया है कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और एटीएस ने उन्हें गलत तरीके से इसमें फंसाया है। बहरहाल इस बहुचर्चित मामले में अब मुंबई सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश एल.के.लाहोटी के फैसले पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं।

## पहलगाम में मारे गए शुभम की पत्नी बोली– मेरे पति की हत्या का बदला पूरा

कानपुर (एजेंसी)। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पहलगाम में विधवा हुईं भारत की बेटियों को न्याय दिलाने का काम किया है। पहलगाम हमले में कानपुर के 31 वर्षीय व्यवसायी शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवाई थी। उनकी पत्नी ऐशान्या द्विवेदी की शादी को अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए थे, उन्होंने उस भयावह दिन को याद करते हुए अपनी पीड़ा को शब्दों में बयां किया। एक नई उम्मीद और गर्व के साथ, ऐशान्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए दिल दहला देने वाले आतंकी हमले ने न केवल देश को झकझोर दिया, बल्कि कई परिवारों की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। अब भारत ने इस हमले का बदला पाकिस्तान के अंदर घुसकर लिया है। ऐशान्या ने एक भावुक बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं पीएम मोदी को मेरे पति की मौत का बदला लेने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरे पूरे परिवार को उन पर भरोसा था, और जिस तरह उन्होंने (पाकिस्तान को) जवाब दिया, उन्होंने हमारा भरोसा जीवित रखा। यह मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। जहां कहीं भी मेरे पति होंगे, वे आज शांति में होंगे। भारत सरकार ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इसके अलावा, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कौस्तुभ गणबोटे की पत्नी संगीता गणबोटे ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, इन्होंने जो कार्रवाई की है वो एकदम सही किया है और ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं को सम्मान भी दिया है... पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कौस्तुभ गणबोटे के बेटे कुणाल गणबोटे ने कहा, हमने जो प्रतिशोध लिया है ये एकदम सही है और ये होना ही चाहिए था।

## रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना में अवैध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेने के आदेश दिए

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने और राज्य में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों को हिरासत में लेने का बुधवार को निर्देश दिया।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रेड्डी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आपातकालीन सेवाओं में लगे सभी विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करने और सभी जिला मुख्यालयों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी एवं सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को भारतीय सेना के समर्थन में एक रैली आयोजित करने का फैसला किया है, जिसमें मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगी शामिल होंगे। रेड्डी ने अधिकारियों से



हैदराबाद में सभी वाणिज्य दूतावासों में सुरक्षा कड़ी करने और सभी आईटी कंपनियों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए भी कहा। पुलिस विभाग को 'हिस्ट्रीशीटर' और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने को कहा गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है, ''मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को पाकिस्तान और बांग्लादेश के अवैध रूप से रह रहे नागरिकों को हिरासत में लेने का आदेश दिया है। कमान और नियंत्रण केंद्र में संचार प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। शांति और सुरक्षा को भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।''

रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश को भारतीय सेना का समर्थन करने का एक मजबूत संदेश दिया जाना चाहिए और राजनीतिक दलों को मुश्किल समय में संयम बनाए रखना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को आपातकालीन जरूरतों के लिए 'ब्लड बैंक' में रक्त और आपातकालीन दवा का स्टॉक करने के लिए कहा गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्रियों और अधिकारियों को सभी विदेश यात्राएं रद्द कर देनी चाहिए और उपलब्ध रहना चाहिए।

साथ ही कहा गया है कि फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों में चिंता और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं को रोकने के लिए एक विशेष सेल भी स्थापित किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट से उद्धव गुट को झटका, चुनाव निशान से जुड़ी याचिका पर जल्द सुनवाई से इंकार

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना के नाम और चुनाव निशान तीर कमान को लेकर पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट सुप्रीम कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग ने शिवसेना नाम और निशान की लड़ाई में फैसला शिंदे गुट के पक्ष में दिया था। आयोग के इस फैसले को उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका पर जल्द सुनवाई की गुहार लगाई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव गुट को बड़ा झटका देकर जल्द सुनवाई से इंकार कर दिया है।

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख ठाकरे की अगुवाई वाले गुट ने भारतीय निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की गुहार लगाई थी। जस्टिस सूर्यकांत और



जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के सामने ठाकरे के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस पीठ ने महाराष्ट्र में 2023 से पहले की आरक्षण नीति के मुताबिक स्थानीय निकायों के चुनाव करने का आदेश दिया है।

सिब्बल ने निकाय चुनाव को लेकर आदेश का उल्लेख कर कहा कि इस मामले पर भी तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने इसके पीछे दलील दी कि शिंदे गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न मिला हुआ है। निर्वाचन आयोग के आदेश को हम लोगों ने चुनौती दे रखी है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कपिल सिब्बल से पूछा कि तुरंत सुनवाई की क्या जरूरत है? यह स्थानीय निकाय चुनाव हैं।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमें बताया गया था कि साल 2017 के बाद से ही नगरपालिका चुनाव नहीं हुए थे। आपके पास भी चुनाव चिह्न है, आप चुनाव में भाग लीजिए। इस पर सिब्बल ने कहा कि शिवसेना का मूल चुनाव निशान तीर कमान, लेकिन यह अब शिंदे गुट के पास है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि चुनाव सुचारु रूप से होने दें। वैसे भी स्थानीय निकायों में ज्यादातर मतदाताओं के लिए चिन्ह का बहुत महत्व नहीं होता है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर चीन ने जताया खेद, कहा- शांति और संयम जरुरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के पराक्रमी सैनिकों ने पाकिस्तान में सैकड़ों किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों पर ऐसी तबाही मचाई कि वे फिर पहलगाम जैसे हमले को अंजाम देने से पहले लाख बार सोचेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, हम भारत की आज तड़के की सैन्य कार्रवाई पर खेद जताते हैं और वर्तमान हालात पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। हम भारत और पाकिस्तान से आग्रह करते हैं कि वे शांति और स्थिरता को सर्वोपरि रखें, शांत रहें और अधिकतम संयम बरतें।

चीन की यह प्रतिक्रिया उस समय आई है जब भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान की सीमा के भीतर 100 किलोमीटर तक घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को राफेल विमानों और मिसाइलों से निशाना बनाया। पाकिस्तान भारत की इस एयर स्ट्राइक से कांप गया है। उधर, चीन लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का इच्छुक रहा है, लेकिन भारत इस प्रकार के मामलों को द्विपक्षीय विषय मानते हुए तीसरे पक्ष की भूमिका को खारिज करता रहा है।

भारत के हमले के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान की सेना ने दावा किया कि भारत के 6 मिसाइल हमलों में 8 लोगों की मौत और 35 घायल हुए हैं, जबकि 2 लोग लापता हैं। यह जानकारी चीन की सरकारी न्यूज़ एजेंसी ने पाकिस्तानी सेना के हवाले से दी है। उधर, भारत ने पाकिस्तान आम नागरिकों को निशाना बनाने के तमाम दावों को झूठा करार दिया है। भारत ने स्पष्ट किया है कि निशाना सिर्फ आतंवादी थे और हमलों का केंद्र आतंकी ठिकाने थे। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने मुरिदके में लश्कर-ए-तैयबा के ट्रेनिंग कैंप मरकज-ए-तैयबा और बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ जश-शुभानअल्लाह को भी प्रमुखता से निशाना बनाया।पाकिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसने भारतीय वायुसेना के तीन फाइटर जेट मार गिराए हैं। हालांकि भारत की ओर से इस दावे की पुष्टि नहीं की गई है। भारतीय रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने इसे पाकिस्तान की घबराहट और प्रोपेगेंडा करार दिया है।

भारतीय सेना ने आधी रात की एयर स्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद और लश्क-ए-तैयबा के 9 ठिकानों को निशाना बनाया और कम से कम 90 आतंकियों को मार गिराया। भारत की इस एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को चारों खाने चित्त कर दिया है। पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद चीन का रिएक्शन आया है। उसने भारत के इस ऐक्शन पर चिंता जताते हुए भारत और पाकिस्तान दोनों से संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की है।



# सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार आमिर खान की 'सितारे जमीन पर'




**अभिनेता** आमिर खान की अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ताजा जानकारी के साथ आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर स्टारकास्ट के साथ ही बताया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, प्यार और खुशी का जश्न मनाती एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। 'सितारे जमीन पर' के फर्स्ट पोस्टर में आमिर खान के साथ दस और सितारे नजर आए। इन नए चेहरों के नाम सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, गोपी कृष्ण वर्मा, अरूष दत्ता, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, सिमरन मंगेशकर और नमन मिश्रा हैं। बता दें, अपकमिंग फिल्म के साथ आमिर खान लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं।




# ठग लाइफ से सामने आया तृषा कृष्णन का लुक, एक्ट्रेस के 42वें जन्मदिन पर फैंस को मिला बड़ा सरप्राइज

**साउथ** अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने 04 मई को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर पहले विश्वम्भरा के निर्माताओं ने फिल्म से तृषा का शानदार लुक शेयर किया। विश्वम्भरा के बाद अब तृषा की फिल्म ठग लाइफ से उनका एक लाजवाब लुक सामने आया है।

टर्मरिक मीडिया ने आज कुछ ही देर पहले तृषा कृष्णन की आगामी फिल्म ठग लाइफ से उनका एक शानदार लुक शेयर किया है। फिल्म के इस लुक में तृषा कुछ सोचती नजर आ रही हैं। व्हाइट शर्ट के साथ रेड स्कर्ट में तृषा सिंपल और खूबसूरत नजर आ रही हैं। वह सीढ़ी पर बैठी किसी गहन विचार में लीन नजर आ रही हैं और इस लुक के साथ पोस्टर पर लिखा है- हैप्पी बर्थ डे तृषा। इस तस्वीर में तृषा के पीछे खुला आसमान दिखाई दे रहा है।

टर्मरिक मीडिया ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर तृषा का ठग लाइफ से एक लुक शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ठगों की दुनिया से दिलों की रानी तक - जन्मदिन मुबारक तृषा कृष्णन, हैप्पी बर्थडे तृषा, ठगलाइफ, ठग लाइफ फ्रॉम, जून5 कमल हासन। फिल्म का निर्माण मणिरत्नम करेंगे और इस फिल्म का संगीत ए आर रहमान तैयार करेंगे।

ठग लाइफ में कमल हासन और तृषा कृष्णन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मणिरत्नम और एआर रहमान की जोड़ी ठग लाइफ फिल्म में एक साथ काम कर रही है। ठग लाइफ 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। फिल्म में कमल हासन और तृषा के अलावा सिलाम्बरासन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# मैं कॉफी शॉप भी साड़ी पहनकर जाती हूं, ये मेरा पसंदीदा परिधानः लक्ष्मी मांचू



**भारतीय** अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और साउथ के साथ ही अमेरिकी टेलीविजन में काम कर चुकीं लक्ष्मी मांचू ने बताया कि उन्हें साड़ी से खास लगाव है। यह उनका पसंदीदा परिधान है। साड़ी के प्रति अपने प्रेम का इजहार करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी महिला हैं, जो कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है। लक्ष्मी मांचू 'मेक इन इंडिया' के तहत एक इवेंट में शामिल हुईं, जिसमें कांचीपुरम, कोटा साड़ियों के अलावा देश के अन्य हिस्सों के कपड़े देखने को मिले। लक्ष्मी ने कहा, मुंबई में असली जरी नहीं मिलती है। मैंने मास्टर कारीगरों से मिलकर असली जरी खरीदी और उनसे अपनी खास साड़ी तैयार कराई। मैंने कलमकारी डिजाइन भी हाथ से बनाए, जिसके बारे में बुनकरों ने खुद कहा कि उन्होंने यह पहले कभी नहीं देखा था। लक्ष्मी ने बताया कि साड़ियां सबसे सुंदर परिधानों में से एक हैं, जो भारतीय परंपराओं और संस्कृति के सार को दिखाती हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी महिला हूं जो मुंबई में कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है, क्योंकि मेरे लिए यह सबसे सुंदर और पसंदीदा परिधान है। मेरा मानना है कि हमें अपने पहनावे के माध्यम से अपनी परंपराओं और संस्कृति को दुनिया के सामने लाना चाहिए। साड़ी दुनिया भर में पसंद की जाती है। लक्ष्मी मांचू मशहूर अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'लास वेगास' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जेम्स लेसुरे की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। इसके बाद अभिनेत्री 'लेट नाइट्स विद माई लवर' और 'मिस्ट्री ईआर', यक्षिणी जैसी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं।

## 'फूलमती' बनीं नीना गुप्ता, तस्वीर शेयर कर फैंस को दिखाई झलक

बधाई हो, पंचायत जैसे मनोरंजन से भरपूर फिल्म और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसी कड़ी में नीना ने आइवरी कलर की साड़ी में लेटेस्ट तस्वीर शेयर की। खूबसूरत तस्वीर के साथ किसी चीज ने ध्यान खींचा तो वो है उनका खुद को दिया नाम! इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीर को शेयर करते हुए नीना ने कैप्शन में लिखा, फूलमती। आइवरी कलर की साड़ी के साथ वह गोल्डन ज्वेलरी में बेहद प्यारी लगीं, जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सके। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे ने तारीफ करते हुए लिखा, आप खूबसूरत के साथ स्टाइलिश भी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। इससे पहले भी नीना अपने पति विवेक मेहता की बर्थडे पार्टी में यही साड़ी पहने दिखी थीं। काम की बात करें तो नीना गुप्ता हाल ही में फिल्म आचारी बा में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक उद्यमी की भूमिका निभाई है। हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नीना का किरदार एक मां और दादी का है, जो परिवार में अनदेखी का शिकार है।



## सहजता के साथ हर किरदार में फिट बैठ जाते थे इरफान, पीकू में दिखा असली रूपः शूजित सरकार



'पीकू', 'गुलाबो सिताबो', 'मद्रास कैफे' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले निर्माता-निर्देशक शूजित सरकार का मानना है कि पीकू में दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने कमाल का अभिनय किया था। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि 'पीकू' में इरफान का रोमांटिक अंदाज सामने आया, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। शूजित ने बताया कि इरफान सहजता के साथ हर किरदार में फिट बैठ जाते थे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शूजित सरकार ने कहा कि उन्होंने इरफान खान को पहले कभी उस तरह नहीं देखा जैसा कि वह पीकू में निखर कर आए। उन्होंने कहा कि फिल्म में दिवंगत अभिनेता के अभिनय ने स्टार के उस पक्ष को दिखाया, जिसे वह पहले कभी नहीं देख पाए थे। जब शूजित से पूछा गया कि इरफान ने अपनी भूमिका में कॉमेडी और इमोशंस को कैसे बैलेंस किया, तो शूजित ने बताया, इरफान खान सहज अभिनेता थे। वह ताजगी और एनर्जी के साथ सेट पर आते थे। पीकू में वह गजब के आकर्षक लगे। मैंने जितनी भी फिल्में देखी हैं, उनमें से किसी में भी वह ऐसे नहीं दिखे थे। शूजित ने आगे कहा, पीकू में उनकी हर चीज शानदार है। वह ऐसा मौका ही नहीं देते कि आप 'राणा' से प्यार न करें। इस फिल्म में असली इरफान सामने आया। रोमांटिक इरफान।

### 'पीकू' 9 मई को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने वाली है।

कॉमेडी ड्रामा में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और इरफान खान के साथ मौसमी चटर्जी, जीशु सेनगुप्ता और रघुबीर यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं। 8 मई को पीकू रिलीज के 10 साल पूरे करने जा रही है। शूजित ने 2005 में रोमांटिक वॉर ड्रामा यहां से निर्देशन की शुरुआत की थी। उन्होंने 2012 में फिल्म विक्की डोनर से सुर्खियां बटोरीं। इसके एक साल बाद उन्होंने मद्रास कैफे बनाई। उनकी होम प्रोडक्शन, लीगल थ्रिलर पिंक ने अक्टूबर और अमेजन प्राइम वीडियो की कॉमेडी गुलाबो सिताबो का निर्देशन और निर्माण किया। सरकार ने 2021 में सरदार उधम बनाई थी, जिसे लेकर उनकी खूब तारीफ हुई।

# घुटनों में असहनीय दर्द के बाद भी नहीं मानी हार

साउथ इंडस्ट्री और हिंदी फिल्मों में अपने मजबूत किरदारों से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रितिका सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी फैट-टू-फिट जर्नी दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने घुटनों की चोट के बावजूद वजन घटाया और फिर से पुरानी फिगर हासिल की। रितिका सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसकी शुरुआत में उन्होंने बताया कि उनका वजन बढ़ गया था और वह 72 किलो तक पहुंच गई थीं। इसके बाद वीडियो में उन्होंने दिखाया कि कैसे उन्होंने वर्कआउट करके, मेहनत और लगन से अपना वजन घटाया और फिर से फिट शेप में वापस लौट आईं। वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, पिछले तीन महीने मेरे लिए बेहद बदलाव भरे रहे। सिर्फ इसलिए नहीं कि मेरा वजन बहुत बढ़ गया था, बल्कि इसलिए भी कि मेरे घुटनों की पुरानी चोटें और दर्द देने लगी थीं। दर्द इतना ज्यादा था कि मैं ठीक से चल भी नहीं पा रही थी, किक मारना या डांस करना भी मुश्किल हो गया था। तभी मैंने आईने में खुद को देखा और खुद से कहा कि बस बहुत हो गया, अब खुद को पूरी तरह बदलने का वक्त आ गया है। इस दौरान सामने आई चुनौतियों के बारे में बताते हुए उन्होंने आगे लिखा, मैंने अपनी लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव किए, जैसे डाइट, एक्सरसाइज, और रूटीन में सुधार किया... लेकिन मेरे लिए सबसे बड़ा बदलाव कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना था, जो अक्सर छोटी और बेकार लगती हैं, लेकिन असल में सबसे ज्यादा असर उन्हीं चीजों ने डाला। उदाहरण के तौर पर ऐसी चीज़ें हो सकती हैं. एक्ट्रेस ने पोस्ट के आखिर में कहा, मैं इस बारे में और बात करना चाहूंगी, क्योंकि मुझे सच में लगता है कि ये कई लोगों की मदद कर सकता है, ताकि वे न सिर्फ बेहतर दिखें, बल्कि सबसे जरूरी बात बेहतर महसूस भी करें। वर्कफ्रंट की बात करें तो रितिका हाल ही में सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन में नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने एएसपी रूपा किरण का रोल निभाया। इस किरदार में वे रजनीकांत के साथ काम करती हैं, यानी उनकी टीम का हिस्सा हैं।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय कुमार



**अक्षय** कुमार और सैफ अली खान 17 साल बाद मलयालम हिट ओप्पम के हिंदी रीमेक में साथ नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में दोनों के किरदारों के बारे में जानकारी सामने आई है। बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

# सड़क दुर्घटना में हुई मौत, एक घायल



मरुधर विशेष

**कोटपूतली।कस्बे** से होकर गुजर रहे डाबला रोड़ पर बुधवार दोपहर बाद हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि डाबला रोड़ पर कृपा का तिबारा के पास बाईक सवार दो जनों को बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसमें अलवर के मुण्डावर के ग्राम रामबास निवासी हितेश पुत्र धर्मपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं सीकर के नीमकाथाना निवासी अंकित को गंभीरावस्था में जयपुर रैफर किया गया है।

# डीग में किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मॉक ड्रिल आयोजित

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग, ।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 7 मई, बुधवार को डीग जिले में सिविल डिफेंस अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा संभावित हवाई हमले के दृष्टिगत मॉक ड्रिल किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। लगभग 4 बजे व्हाट्स ऐप ग्रुप में शेयर किया गया कि किशन लाल जोशी विद्यालय में हवाई हमला हुआ है और सभी आपदा प्रबंधन विभाग तत्काल मौके पर पहुंचे। नगर परिषद द्वारा लगाई गई आग को कुछ ही क्षणों में



फायरब्रिगेड की टीम ने बुझाकर चोटिल लोगों को रेस्क्यू करने का अभ्यास किया। इस दौरान एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़िया महज चंद सेकंड में मौके पर पहुंच गई। पुलिस के जवान, सिविल डिफेंस, एनएसएस, स्काउट गाइड सहित अन्य स्टॉफ घायलों को कंधों और स्ट्रेचर्स पर उठाकर एम्बुलेंस तक ले गए तथा एम्बुलेंस को तुरंत जिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया। मॉक ड्रिल के लिए सिविल डिफेंस, अग्निशमन, स्वास्थ्य समेत स्कूली छात्रों और आरडब्ल्यूए को प्रशिक्षण दिया गया था।

जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस दौरान जो भी चूक हुई है उसमें संबंधित सुधार कर और बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मॉक ड्रिल में समय पर पहुंचे। बच्चों को सफल रूप से दुर्घटना प्रभावित परस्थिति से निकाला गया। इसके साथ ही उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि वह आगामी समय में यदि सायरन की आवाज सुनते हैं तो तुरंत अपने घर की लाइट बंद कर ले और अपने पड़ोसियों से भी आग्रह कर लाइट बंद कराए ताकि दुश्मन विमान को दिशा ज्ञान ना हो सके। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने बताया कि प्रत्येक टीम लीडर आपातकाल परस्थितियों में स्पष्ट लक्ष्य के साथ कार्य करें ताकि घटित हालात पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने सभी को अनुशासन के साथ कार्य करने एवं मौके पर पहुंच स्थिति का सटीक आंकलन कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

# कस्बे के बाईपास रोड पर स्थित नाले की सफाई कार्य हुआ शुरू, कई ट्रॉली कचरा निकाला



मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)** कस्बे के बाईपास रोड पर स्थित नाले की सफाई कार्य बुधवार को जेसीबी से शुरू किया गया। और कई ट्रॉली कचरा निकाला गया। उल्लेखनीय है, कि तीस अप्रैल को वार्ड नंबर सात में सफाई व्यवस्था नही होने से परेशान वार्ड वासियों ने नाले की सफाई नहीं होने की पीड़ा जाहिर की और इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस मामले में जिला कलक्टर ने नगरपालिका प्रशासन से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। इस पर कारवाई करते हुए ईओ नरसीलाल मीणा के निर्देश पर बुधवार को जेसीबी से नाले सफाई का काम शुरू हो गया। सुबह आठ बजे से शुरू हुए नाला सफाई का काम शाम पांच बजे तक चलता रहा। और कई ट्रॉली कीचड़ व गंदगी निकाली गई। करीब ढ़ाई तीन सौ फीट लम्बाई में कचरा निकाला गया। इस दौरान मौके पर सफाई निरीक्षक विक्रम सिंह प्रजापत, कनिष्ठ लिपिक मुनेश मीणा मौजूद थे। गुरुवार को भी सफाई कार्य किया जाएगा।

# कोटपूतली शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई, नालों में भरी गंदगी - प्रशासन मौन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली (सीताराम गुप्ता)** कोटपूतली शहर इन दिनों सफाई व्यवस्था की बदहाली से जूझ रहा है। नगर परिषद की लापरवाही के चलते कई इलाकों में नालों व नालियों की समय पर सफाई नहीं हो पाई, जिससे वे कचरे से पूरी तरह अवरुद्ध हो चुके हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बारिश से पहले ही कई जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है।

### कोटपूतली की टॉप पॉश कॉलोनी की हालत बदतर

जिला कलेक्टर निवास के पीछे स्थित गोविंद विहार क्षेत्र प्रशासन की अनदेखी का सबसे बड़ा उदाहरण बन चुका है। यहां की नालियां महीनों से साफ नहीं हुई हैं। जगह-जगह गंदगी और पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। निवासियों ने बताया कि कई बार नगर परिषद को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक और यहा पुलिस अधीक्षक



का कार्यालय स्थित है प्रशासनिक कार्यालय के इतने नजदीक स्थित इस कॉलोनी की अनदेखी पर लोग हैरान हैं।

कोटपूतली निवासी प्रफुल्ल रमन व दयाराम प्रजापत ने बताया की "यदि कलेक्टर हाउस के पास स्थित क्षेत्र की यह हालत है, तो बाकी इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।"

### शहर के अन्य क्षेत्रों में भी यही स्थिति



मुख्य बाजार सहित समूचे अन्य क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था बदहाल है। नालों में भरी गंदगी से दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर और नगर परिषद आयुक्त से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे सामूहिक प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन की इस उदासीनता से शहरवासियों में भारी नाराज़गी है।

# उपखंड अधिकारी सहित तहसीलदार कोटपूतली ने शहर के प्रमुख इलाकों में लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

## सभी सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार चौधरी ने बुधवार को नगर परिषद एक्सईएन, जेईएन और संबंधित ठेकेदारों के साथ कोटपूतली शहर के प्रमुख इलाकों- पुरानी सब्ज़ी मंडी, डाबला तिराहा, अग्रसेन चौराहा, दिल्ली दरवाज़ा, बानसूर रोड, आज़ाद चौक और सिविल कोर्ट परिसर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, कचरा समयबद्ध रूप से उठाया जाए, नालों की नियमित सफाई करते हुए ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त रखे, सफाई की निगरानी





प्रणाली के तहत नियमित मॉनिटरिंग हो। उन्होंने संपूर्ण सफाई व्यवस्था की जानकारी लेकर संबंधितों को पाबंद किया।

तहसीलदार कोटपूतली रामधन गुर्जर ने भी नागाजी की गोर, आईटीआई कॉलेज क्षेत्र सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। आईटीआई कॉलेज परिसर में निर्देश दिए गए कि परिसर में छात्र-छात्राओं की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए कचरा मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाए और विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए।

# ग्राम करवास को ग्राम पंचायत से हटाये जाने पर ग्रामीणों में रोष

## ग्राम पंचायत बनका में जोडने़ पर जताई आपत्ति, जिला कलक्टर व एसडीएम सौंपे ज्ञापन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** जिले में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम करवास के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा से हटाकर उन्हें बनका ग्राम पंचायत में सम्मिलित किये जाने पर नाराजगी जताते हुये जिला कलक्टर व एसडीएम को ज्ञापन सौंपा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करवास गांव की जनसंख्या लगभग 2500 है, जो आसपास के



कई गांवों की तुलना में अधिक है। इसके बावजूद करवास को स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा नहीं दिया गया, जबकि जिन गांवों को नवनिर्मित ग्राम पंचायत बनाया गया है, उनकी जनसंख्या इससे कम है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जनसंख्या, क्षेत्रफल, सडक़ों की उपलब्धता सहित अन्य सभी मानकों पर करवास एक स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनने की पूरी पात्रता रखता है। इसके बावजूद सरकार द्वारा गांव की उपेक्षा की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गवर्नमेंट रिकॉर्ड के आधार पर करवास को शीघ्र स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदान किया जायें। इस दौरान मूलचंद सूबेदार, श्रीचंद मास्टर, सुरेंद्र कुमार, रमेश चंद, विजय चौधरी, मामचंद चौधरी, प्रकाश चंद, कैलाश चंद व किरोड़ी मल आदि ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुये कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे और आगामी चुनावों में वोट बहिष्कार जैसा कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# 11 वे सामुहिक विवाह की समीक्षा बैठक संपन्न

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ाः समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति द्वारा गत 13 जोड़ों का आयोजित 11 वे सामुहिक विवाह की समीक्षा बैठक उदयपुर के चित्रकूट नगर में स्थित परम्परा होटल एंड रिसॉर्ट के कॉन्फ्रेंस होल मे प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 7 मई बुधवार को महर्षि सारस्वत की अध्यक्षता मे एवं विष्णु शंकर पालीवाल ओम प्रकाश नन्दवाना कपिल अग्रवाल व त्रिलोक दशोंत्तर के मुख्य आतिथ्य मे समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक का संयोजन संत एच आर पालीवाल ने करते हुवे समिति में वर्ष भर मे होने वाले सामुहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वालों मे संतोष सारस्वत राम लाल गोड शुभाशीष पांडे हिमांशु नकवाल व





हेमन्त सालवी का सम्मान किया गया।बैठक में अतिथियों ने अपने अपने विचार रखते हुवे 15 जून को जाड़ोंल (फ.) मे 26 वा परिचय सम्मेलन कराने व दीपावली से पूर्व 12 वा सामुहिक विवाह कराने की घोषणा की। जिसके लिये फॉर्म भरने शुरू कर दिये हे। बैठक के अंत में हीरा भाई चंदानी ने सभी को स्नेह भोज पर आमंत्रित किया। समीक्षा बैठक में रामलाल नकवाल मधुकर पालीवाल प्रकाश भावसार कनिष्क पालीवाल राजकुमारी माली प्रेम लता पालीवाल खुशबु पालीवाल रणधीर मिश्रा अर्जुन रंगवानी अनूप कुमार निर्मल आदि ने भाग लिया। उक्त जानकारी समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने दी।

# कश्मीरी पंडित समाज के विस्थापित लोगों ने तहसीलदार कठूमर को सौपा ज्ञापन

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** जिला कलेक्टर अलवर द्वारा तहसीलदार कठूमर से पाक विस्थापित कश्मीरी पंडितों के संदर्भ में उनकी स्थिति की जानकारी के लिए कश्मीरी पंडित समाज के विस्थापित लोगों ने राज्य स्तरीय पुरस्कृत सेवानिवृत शिक्षक भूमिदत्त शर्मा के नेतृत्व में तसई, तुसारी और कठूमर के कश्मीरी पंडितों ने तहसीलदार मदन सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर से विस्थापित हुए और जम्मू क्षेत्र में आकर बसे लोगों के उत्थान और उन्नति के लिए दिए जा रही सुविधाओं को राजस्थान में भी लागू करने हेतु एक ज्ञापन दिया। केंद्र सरकार तथा जम्मू कश्मीर सरकार ने वहां पर आकर जो विस्थापित बसे थे उनको कुछ सुविधा मुख्य धारा में लाने के लिए प्रदान की है।

इसी तरह राजस्थान में भी विस्थापित लोगों को यह सुविधा दी जाए, जिससे ये लोग भी मुख्य धारा में आ सके।

ज्ञातव्य में रहे जिनका बंटवारे में



हिस्सा पाकिस्तान को दिया गया था उन्हें शरणार्थी अथवा रिफ्यूजी कहा गया था और उन्हें बदले में मुआवजा इत्यादि दिया गया था, कश्मीरी पंडित समाज के लोगों ने बताया कि ने बताया कि पीओजेके विस्थापित लोगों का हिस्सा जो पाकिस्तान ने जबरन कब्जा कर रखा है भारत सरकार उसे अपना मानते हुए कोई किसी प्रकार का अनुदान, सहायता, राहत व क्लेम आदि नहीं दिया गया है और कहा आपको वापस पीओके में बसाएंगे लेकिन तीन पीढ़ियां गुजरने के बाद भी ना तो पीओजेके हमारे कब्जे में आया और ना ही हमें वहां बसाया गया और ना ही हमें किसी प्रकार का मुआवजा के लिए इत्यादि दिया गया।हमारी परेशानियों को समझते हुए जिसमें भौतिक परेशानी भी थी, जलवायु संबंधी परेशानियां, भाषायीऔर सांस्कृतिक परेशानियां , आर्थिक परेशानियां ये सब परिस्थितियों प्रतिकूल थी उसके बावजूद हमें राजस्थान में बसाया गया और किसी प्रकार की सहायता नहीं दी गई। इस अवसर पर द्वारका प्रसाद शर्मा ब्रह्मपुरा, चुन्नीलाल शर्मा तसई, हरीश तसई, मुल्क राज कठूमर सहित कई विस्थापित पंडितों ने भाग लिया।

# महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़ः राष्ट्र सेविका समिति बागीदौरा एवं विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय बागीदौरा के संयुक्त तत्वावधान में विद्या निकेतन परिसर में महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आज उद्घाटन हुआ। राष्ट्र सेविका समिति की शोभा प्रणामी ने बताया कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं व महिलाओं के लिए एक आवश्यक जीवन कौशल है जो उन्हें अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और मजबूत और आत्मविश्वास से भरे जीवन जीने में मदद करता है। इससे बालिकाओं असुरक्षित परिस्थितियों से बचाव तथा वह मानसिक रूप से मजबूत बनती हैं।प्रशिक्षण में कराटे कोच की नेशनल रेफरी लक्ष्मी पटेल प्रशिक्षण देंगी। प्रशिक्षण 7 मई से 30 मई तक प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक दिया जाएगा।यह जानकारी राष्ट्रीय सेविका समिति विभाग शारीरिक प्रमुख पूनम सोलंकी ने दी।


# कठूमर में पुलिस प्रशासन ने लाउडस्पीकर के माध्यम से नागरिकों से ब्लैक आउट रखने की अपील की





मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)।** कस्बे में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस मॉक ड्रिल में सहयोग करें और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उपखण्ड



प्रशासन ने नागरिकों की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को जांचने के लिए बुधवार रात 7:45 से 8:00 बजे तक ब्लैकआउट रखने का पुलिस ने लाउडस्पीकर बजाकर सबको जागरूक किया।

लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी को बताया कि इस दौरान सभी नागरिक घरों में रहें और किसी भी प्रकार की रोशनी का प्रयोग न करें। रोशनी संबंधी सभी उपकरण बंद रखें। जिला में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया का परीक्षण और सुदृढीकरण है।

# प्रधानाचार्य त्रिवेदी ने ग्रहण किया पद भार



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़।** पंचायत समिति कुशलगढ़ क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय नागदा छोटी में बुधवार को नए प्रधानाचार्य केतन त्रिवेदी ने पदभार ग्रहण किया।इस से पूर्व त्रिवेदी रा.वरी.उपा.सं. वि. सिलथिया मे प्राध्यापक अंग्रेजी के पद से पदोन्नत होकर नागदा छोटी में आए हैं। शिक्षकों



संग पहली बैठक लेते हुए स्कूल में बेहतर शिक्षा मुहैया कराने पर बल दिया। इस दौरान नए प्रधानाचार्य ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय नागदा छोटी में ऐसी शिक्षा देने का प्रयास करुंगा कि बच्चों की हर क्षेत्र में विशेष पहचान बन जाए। इसके पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य दिनेश वसुनिया ने फूल माला पहनाकर और तिलक लगा कर स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापिका पूर्वा वोहरा (चोपड़ा) मीनाक्षी डामोर,कल्पना खाट सिलथिया स्कूल के लक्ष्मणलाल पांडोर केशवचंद्र व्यास मुकेश दोषी जितेंद्र पाटीदार अभिषेक जानी मणिलाल बरोड़ जितेंद्र दोसी भवानीसिंह राठौड़ और सीबीईओ कार्यालय से तिलोत्तमा पंड्या आदि मौजूद थे।

# परशुराम महादेव मंदिर पर महा आरती कर, लड्डू के प्रसाद का भोग लगाया दीप प्रज्वलित कर हर्ष प्रकट किया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** विप्र फ़ाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान मे आतंक वादियों के नव ठिकानों पर बमबारी किये जाने के उपलक्ष्य मे परशुराम महादेव मंदिर पर महा आरती कर, लड्डू के प्रसाद का भोग लगा, दीप प्रज्वलित कर हर्ष प्रकट किया। उक्त जानकारी विप्र फ़ाउंडेशन प्रदेश महा मंत्री योगेश जोशी ने बताया की इस अवसर पर विप्र फ़ाउंडेशन प्रदेश सरक्षक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा पुरा सेना के शौर्य और पराक्रम को आज पुरा देश प्रणाम करता है।इस अवसर पर विप्र फ़ाउंडेशन जिला अध्यक्ष ललित कुमार जोशी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महा मंत्री डा. कीर्ति आचार्य नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव जिला मंत्री के. के.पंडया नगर महा मंत्री मदन मोहन भट्ट जुगल किशोर जोशी ललित जोशी रातितलाई अमृत सनाढ्य कोकिला जोशी मनोहर जोशी लोकेश आचार्य सहित अनेक बंधु उपस्थित थे।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732